दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 11 अंक : 122 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, शुक्रवार 22 मई, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162



# भजनलाल शर्मा के रात्रि चौपाल से भीषण गर्मी में लोगों को मिल रही ठंडक : ग्रामीणों से संवाद के साथ-साथ बांसवाड़ा डूंगरपुर जिलों के अधिकारियों के साथ मैराथन बैठक

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में सभी जिलों में दिन और रात का तापमान पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ रहा है प्रदेश के सभी जिलों में दिन का तापमान 43 से 46 डिग्री के बीच रिकॉर्ड किया जा रहा है इस भीषण गर्मी में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश के लोगों खासतौर से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की पीड़ा को दूर करने के लिए गांव गांव जाकर रात्रि चौपाल का आयोजन कर रहे हैं और जिस तरह से ग्रामीणों की शिकायत को सुनकर तत्काल प्रभावी कार्रवाई और कड़े एक्शन भी ले रहे हैं उससे निश्चित रूप से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के यह रात्रि चौपाल के कार्यक्रम भीषण गर्मी में लोगों को काफी ठंडक पहुंचा रहे हैं। मुख्यमंत्री शर्मा की ओर से लगातार आयोजित किया जा रहे रात्रि चौपाल के इन कार्यक्रमों से एक तरफ जहां ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की समस्याएं दूर हो रही है तो दूसरी तरफ मुख्यमंत्री शर्मा को सरकार की ओर से संचालित की जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के फीडबैक का भी पता चल रहा है और क्षेत्र में और क्या विकास कार्य होने चाहिए इसके बारे में भी मुख्यमंत्री शर्मा ग्रामीण से आइडिया और सुझाव ले रहे हैं, बुधवार की रात मुख्यमंत्री शर्मा ने चूड़ादा गांव में कई घंटे तक ग्रामीणों से सामूहिक संवाद किया इस सामूहिक संवाद में बड़ी संख्या में आदिवासी महिलाएं, किसान, युवा मौजूद रहे काफी देर तक चर्चा करने के बाद मुख्यमंत्री शर्मा ने गांव में ही एक किसान के घर रात्रि का भोजन और रात्रि विश्राम किया मुख्यमंत्री शर्मा ने रात्रि भोजन भी बाकायदा जमीन पर बैठकर बहुत ही सादगी पूर्वक और आत्मीय भाव से किसान परिवार की ओर से तैयार किए गए भोजन को ग्रहण किया मुख्यमंत्री शर्मा का यह सादगी और सरल व्यवहार देखकर किसान परिवार के सदस्य ही नहीं बल्कि क्षेत्र के लोग भी मुख्यमंत्री से काफी प्रभावित हुए ।

### मॉर्निंग वॉक में ग्रामीणों से मिली शिकायत के बाद बीसीएमएचओ को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने तत्काल एपीओ किया

जानकारी के अनुसार चूड़ादा गांव में ही किसान परिवार के घर रात्रि विश्राम करने के बाद मुख्यमंत्री शर्मा गुरुवार की तड़के जल्दी उठे और स्नान पूजा पाठ करके मॉर्निंग वॉक पर निकल पड़े मॉर्निंग वॉक के दौरान मुख्यमंत्री शर्मा ने पूरे गांव का भ्रमण किया इस दौरान ग्रामीणों ने जगह-जगह उनका स्वागत किया और अपने-अपने घर के बाहर बैठे ग्रामीणों से मुख्यमंत्री शर्मा ने बहुत ही आत्मीय भाव से बातचीत की और उनसे सरकार की योजनाओं के बारे में भी पूछा तथा अधिकारियों की कार्यशैली और उनकी समस्याओं के बारे में भी मुख्यमंत्री शर्मा ने सरल अंदाज में ग्रामीणों से पूछा जिस पर ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से बीसीएमएचओ की शिकायत की बड़े स्तर पर ग्रामीणों की ओर से शिकायत सुनने के बाद मुख्यमंत्री शर्मा ने तत्काल एक्शन लेते हुए संबंधित बीसीएमएचओ को एपीओ कर दिया। गांव के भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री शर्मा ने बच्चों को टॉफी कभी वितरण किया और बच्चों से उनकी पढ़ाई उनके करियर इत्यादि के बारे में सवाल जवाब किया बच्चों ने भी मुस्कुराते किया मुख्यमंत्री शर्मा के सवालों का जवाब दिया, मॉर्निंग वॉक के दौरान भजन लाल शर्मा एक चाय की दुकान पर भी काफी देर तक रुके यहां पर उन्होंने ग्रामीणों के साथ चाय पी और चाय पीते पीते ही उन्होंने ग्रामीणों से क्षेत्र की समस्याओं और सरकार की योजनाओं के बारे में बातचीत की ग्रामीणों ने भी सरकार की ओर से संचालित की जा रही योजनाओं के बारे में खुलकर बताया और क्षेत्र की समस्याओं के बारे में मुख्यमंत्री को अवगत करवाया इस दौरान एक महिला ने अपनी कुछ व्यक्तिगत पीड़ा भी मुख्यमंत्री के समक्ष प्रकट की जिस पर मुख्यमंत्री ने मौके पर ही जिला कलेक्टर को महिला की समस्या का निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया ।



गुरुवार को चूड़ादा गांव में मॉर्निंग वॉक में ग्रामीण की शिकायत के बाद मुख्यमंत्री ने बीसीएमएचओ को किया एपीओ, बांसवाड़ा में शिकायत मिलने के बाद नगर परिषद के आयुक्त को भी किया एपीओ, बांसवाड़ा और डूंगरपुर में जिला स्तर के अधिकारियों के साथ मैराथन बैठक की और बांसवाड़ा की बैठक में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की कार्य शैली से नाराज होकर फटकार भी लगाई

### बांसवाड़ा में जिलाधीश कार्यालय में जिला स्तर के अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री की मैराथन बैठक

गुरुवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बांसवाड़ा जिलाधीश कार्यालय में जिला स्तर के अधिकारियों के साथ सामूहिक बैठक आयोजित की इस बैठक में जिले के सभी सरकारी विभागों के बड़े अधिकारी मौजूद रहे करीब 40 से ज्यादा सरकारी विभागों के अधिकारी मीटिंग में मौजूद थे मीटिंग में मुख्यमंत्री शर्मा ने केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार की ओर से संचालित की जा रही विभिन्न तरह की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में संबंधित विभाग के अधिकारियों से फीडबैक लिया इसके अलावा पानी और बिजली की व्यवस्था को लेकर भी अधिकारियों से उनकी तैयारी के बारे में पूछा जिस पर मीटिंग में मौजूद जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी पानी के मामले में ठीक आंकड़े मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत नहीं कर पाए मीटिंग में अधिकारियों के पास मुख्यमंत्री के सवालों का कोई तोक जवाब नहीं था और ना ही अधिकारी आंकड़े लेकर मीटिंग में आए थे हालांकि मीटिंग में मौजूद जिला कलेक्टर ने पानी के बारे में जब आंकड़े मुख्यमंत्री को बताएं तो मुख्यमंत्री ने जन स्वास्थ्य अभियंत्रिक विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाकर कहा कि आपके विभाग के आंकड़ों की जानकारी देने के लिए जिला कलेक्टर अधिकृत नहीं है मुख्यमंत्री शर्मा ने विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि उन्हें प्रभावी रूप से अपनी ड्यूटी को अंजाम देना होगा और अगर दोबारा से इस तरह की शिकायत आएगी तो फिर सरकार कड़े कदम भी उठा सकती है उन्होंने अधिकारियों को भीषण गर्मी में पानी और बिजली की समुचित व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किया और कहा कि पानी और बिजली को लेकर लोगों को बिल्कुल भी परेशानी नहीं होनी चाहिए ।

## बांसवाड़ा में भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े लोगों के साथ की अलग से मीटिंग

जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बांसवाड़ा में सर्किट हाउस में भारतीय जनता पार्टी के जिले के संगठन से जुड़े लोगों के साथ अलग से मीटिंग आयोजित की ।मीटिंग में मुख्यमंत्री शर्मा ने ग्रामीण विकास रथ कार्यक्रम के बारे में भी संगठन से जुड़े नेताओं से फीडबैक लिया इसके अलावा क्षेत्र के लोगों में सरकार के प्रति किस तरह का नजरिया है और क्षेत्र के लोग सरकार से और क्या चाहते हैं इन सब विषयों के बारे में पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं से मुख्यमंत्री ने सवाल जवाब किया। इसके अलावा पार्टी के संगठन से जुड़ी गतिविधियों के बारे में भी मुख्यमंत्री शर्मा ने गंभीरता से पार्टी जनों के साथ चर्चा की और पार्टी के संगठन को और मजबूत बनाने के लिए अपनी ओर से आवश्यक टिप्स भी दिए क्योंकि मुख्यमंत्री शर्मा खुद 20 साल तक लगातार प्रदेश भाजपा के महामंत्री रहे हैं इसलिए प्रदेश भर के संगठन से जुड़े छोटे-बड़े सभी नेताओं से उनकी पुरानी जान पहचान है इसलिए बांसवाड़ा के संगठन से जुड़े नेताओं से भी उनकी पुरानी जान पहचान है इसलिए उन्होंने आगामी पंचायत राज और नगर निकाय के चुनाव को देखते हुए पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं को पूरी तैयारी के साथ लोगों से निरंतर संवाद करते रहने को कहा।

## बांसवाड़ा से डूंगरपुर जाने के दौरान मुख्यमंत्री का कई जगहों पर शानदार स्वागत

गुरुवार को बांसवाड़ा में प्रस्तावित अपने सभी कार्यक्रम को कंप्लीट करने के बाद मुख्यमंत्री शर्मा इलेक्ट्रिक गाड़ी में सवार होकर डूंगरपुर के लिए रवाना हुए इस दौरान उनका जगह-जगह भारतीय जनता पार्टी के छोटे-बड़े सभी कार्यकर्ताओं की ओर से सड़क मार्ग पर स्वागत किया गया ।कई जगहों पर मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए छोटे-छोटे कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया था भाजपा के कार्यकर्ताओं ने और क्षेत्र के लोगों ने मुख्यमंत्री के स्वागत सत्कार में कोई कमी बाकी नहीं छोड़ी थी, भीषण गर्मी में अपने स्वागत के लिए खड़े पार्टी के कार्यकर्ताओं और क्षेत्र के लोगों को देखकर मुख्यमंत्री शर्मा काफी भाव विभोर भी हो गए और उन्होंने हर जगह रुक कर लोगों से और पार्टी जनों से मुलाकात की ।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने तंबोला में रात्रि चौपाल का आयोजन किया और आज मॉर्निंग वॉक में ग्रामीणों से करेंगे मुलाकात

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार की रात तंबोला में रात्रि चौपाल का आयोजन किया रात्रि चौपाल में बड़ी संख्या में आदिवासी समुदाय के लोग मौजूद रहे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को देखने के लिए बड़ी संख्या में आदिवासी समाज की महिलाएं भी मौजूद थी गांव में पहुंचने पर आदिवासी समाज की महिलाओं ने अपने पारंपरिक अंदाज में मुख्यमंत्री शर्मा का भव्य स्वागत किया। इस मौके पर क्षेत्र के छोटे-बड़े सभी जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से संवाद के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशन और मार्गदर्शन में हमारी सरकार आदिवासी समाज के कल्याण और विकास के लिए सतत रूप से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री शर्मा ने आदिवासी समाज के लोगों के कल्याण और विकास के लिए संपादित की जा रही योजनाओं के बारे में भी बताया इसके अलावा किसान मजदूर युवा और महिलाओं के विकास और कल्याण के लिए सरकार की ओर से की जा रही योजनाओं के बारे में भी लोगों को बताया और उनसे योजनाओं के बारे में सवाल जवाब भी किया । मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से महिलाओं के कल्याण और विकास के लिए किए गए कार्यों और योजनाओं के बारे में भी बताया इसके अलावा किसानों और महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार ने जो योजनाएं शुरू की है उनके बारे में भी जानकारी दी और कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार लेने वाला नहीं बल्कि रोजगार देने वाला बनना चाहती है । उन्होंने बांसवाड़ा और डूंगरपुर क्षेत्र में महिलाओं के राजीविका क्लस्टर कार्यक्रम से बड़ी संख्या में जुड़ने पर प्रसन्नता जाहिर की मुख्यमंत्री शर्मा ने यह भी कहा कि हमारी सरकार आदिवासी क्षेत्र को पर्यटन के रूप में लगातार विकसित कर रही है इसके लिए कई बड़े प्रोजेक्ट संपादित किया जा रहे हैं जिसकी वजह से आदिवासी क्षेत्र में विकास की नई गंगा बहाने के लिए सरकार सतत रूप से कार्य कर रही है । मुख्यमंत्री शर्मा ने तंबोला गांव में ही ग्रामीण के घर रात्रि का भोजन किया और रात्रि विश्राम भी गांव में ही किया आज सुबह गांव में ही मॉर्निंग वॉक भी करेंगे।

### पुलिस और कांग्रेसियों के बीच भिड़ंत :

# पुलिस ने वाटर कैनन का किया इस्तेमाल, कांग्रेस के कई बड़े दिग्गज नेता रहे मौजूद

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** नीट-2026 का पेपर लीक मामले में केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मॉग एवं नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को भंग करने की मांग को लेकर गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस जन जयपुर की सड़कों पर उतर गए और गुस्साए कांग्रेस जन प्रदेश भाजपा कार्यालय का घेराव करने के लिए पूरी तरह से तैयार थे। इस प्रदर्शन में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, पूर्व मंत्री ममताभूपेश, पूर्व मंत्री गोविंद राम मेघवाल, विधायक रफीक खान विधायक मुकेश भाकर विधायक मनीष यादव और कई पूर्व मंत्री, वर्तमान विधायक, पूर्व विधायक, तथा पार्टी के संगठन से जुड़े कई बड़े नेताओं ने गुरुवार के इस प्रदर्शन में हिस्सा लिया हालांकि कांग्रेस के इस प्रदर्शन को देखते हुए जयपुर पुलिस की ओर से पहले ही सुरक्षा के मजबूत प्रबंध किए गए थे और प्रदेश कांग्रेस कार्यालय से लेकर प्रदेश भाजपा कार्यालय के रास्ते में जगह-जगह पुलिस की ओर से बड़ी संख्या में बैरिकेट्स स्थापित कर दिए गए थे ताकि कांग्रेसियों को प्रदेश भाजपा कार्यालय की ओर जाने से रोका जाए लेकिन गुरुवार को कांग्रेस जन बड़ी संख्या में प्रदर्शन में शामिल होने के लिए आए थे । कई दिनों के बाद यह पहली बार देखने को मिला जब कांग्रेस पार्टी के प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस जनों ने अपनी उपस्थिति दिखाई इसलिए पुलिस भी काफी अलर्ट मोड पर थी, गुरुवार को सुबह प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के नेतृत्व में राजस्थान कांग्रेस मुख्यालय से कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता जुलूस के रूप में भाजपा प्रदेश मुख्यालय का घेराव करने के लिये रवाना हुये, पुलिस द्वारा रास्ते में जगह-जगह ब्रेकेट स्थापित किए गए थे लेकिन जुलूस में शामिल कांग्रेस के कार्यकर्ता बैरिकेड को जबरन हटाकर आगे बढ़ते रहे इस दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच कई जगहों पर आपस में टकराव के हालात भी बने प्रदर्शनकारियों और पुलिस कर्मियों के बीच आपस में खींचतान की स्थिति भी बनी। इस दौरान शहिद स्मारक पर पुलिस ने कांग्रेसियों को रोकने के लिए काफी मजबूत प्रबंध किया हुआ था और बड़ी संख्या में यहां पर चारों तरफ बैरिकेट्स स्थापित कर दिए थे इसलिए यहां पुलिस की घेराबंदी काफी मजबूर थी। इस दौरान प्रदर्शन में शामिल शाहपुरा विधायक मनीष यादव और कुछ अन्य कांग्रेस के कार्यकर्ता बैरिकेट्स पर चढ़ गए और नारेबाजी करने लगे पुलिस ने शाहपुरा विधायक मनीष यादव को नीचे पड़कर खींच लिया इस दौरान आपस की झड़प में कुछ कांग्रेस कार्यकर्ताओं के चोट भी आई जिन्हें उपचार के लिए सवाई मानसिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने कई कांग्रेसियों को मौके पर हिरासत में भी लिया और पुलिस की गाड़ी में बिठाकर उन्हें अन्यत्र जगह पर ले गए, कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को रोकने हेतु शहीद स्मारक पर बैरीकेट लगाकर रोका, उन पर पानी की बौछार की तथा बल प्रयोग किया गया जिसमें कांग्रेस के अनेक कार्यकर्ताओं को चोंटे आई। प्रदर्शन के पश्चात् प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा चोटिल कार्यकर्ताओं से मिलने सवाईमानसिंह अस्पताल गये और वहॉ उनके समुचित ईलाज की व्यवस्था करवाई गई। इससे पहले प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर आयोजित सभा में गोविन्द सिंह डोटासरा ने उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुये कहा कि नीट-2026 का पेपर लीक होने में भाजपा नेताओं की मिलीभगत पूर्ण रूप से सामने आई है तथा वर्ष 2024-2025 में भी नीट का पेपर लीक हुआ था, यह तथ्य सामने आ चुके हैं, किन्तु भाजपा की केन्द्र सरकार ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी जो यह पेपर करवाती है के खिलाफ ना तो कोई ठोस कार्यवाही की, ना ही दोषी अधिकारियों को हटाया गया है जबकि परीक्षा का पेपर हुबहू लीक होने के साथ बेचा गया। इस पूरे प्रकरण के लिये मोदी सरकार को केन्द्रीय शिक्षा मंत्री की जिम्मेदारी सुनिश्चित करते हुये शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा अविलम्ब लेना चाहिये। भाजपा की केन्द्र और प्रदेश सरकार दोनों ही पेपर लीक की जिम्मेदारी से बच नहीं सकते, क्योंकि पेपर लीक का खुलासा सर्वप्रथम राजस्थान में हुआ है। डोटासरा ने नारा दिया है कि नीट पेपर का कहॉ मिलेगा, बीजेपी के बाड़े में, इसी नारे को लगाते हुये और धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मॉग करते हुये कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जुलूस आगे चला। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि नीट के पेपर लगातार तीन वर्ष से लीक हो रहे हैं जो देश के लाखों छात्रों के हितों पर कुठाराघात है। भाजपा के नेता केवल दोषियों को बचाने में लगे हुये हैं, जबकि वास्तविकता में सबसे पहले कार्यवाही राजस्थान में होनी चाहिये थी।, क्योंकि पेपर लीक होने की सर्वप्रथम जानकारी राजस्थान में हुई, किन्तु आश्चर्य का विषय है कि भाजपा की प्रदेश सरकार ने राजस्थान में एक भी एफआईआर दर्ज नहीं की, जो दर्शाता है कि भाजपा की सरकार किसी दोषी को बचाने के लिये ही कार्य कर रही थी।



केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफा और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को भंग करने की मांग को लेकर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के नेतृत्व में जयपुर में कांग्रेस का हल्ला बोल, प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली,पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, गोविंदराम मेघवाल, ममता भूपेश, कांग्रेस विधायक रफीक खान, मुकेश भाकर, मनीष यादव शाहिद कांग्रेस पार्टी के कई पूर्व विधायक,वर्तमान विधायक और पार्टी के संगठन से जुड़े कई बड़े पदाधिकारी और कार्यकर्ता रहे मौजूद, पुलिस ने शाहपुरा विधायक मनीष यादव सहित कई प्रदर्शनकारियों को लिया हिरासत में, कई कांग्रेसी प्रदर्शन में हुए घायल, घायल कांग्रेसियों से मिलने सवाई मानसिंह अस्पताल में पहुंचे डोटासरा और जूली



## ग्रामीण क्षेत्र के पुरुषों के लिए CCTV इंस्टॉलेशन और सर्विसिंग का निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (पीएनबी आरसेटी ) जो कि सामुदायिक भवन केशव नगर स्कीम न. 13, प्रतापबास अलवर मे स्थित है। अब संस्थान द्वारा ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले पुरुषों के लिए CCTV इंस्टॉलेशन और सर्विसिंग का 13 दिवसीय निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन पीएनबी आरसेटी अलवर में दिनांक 26 मई 2026 से किया जाएगा। जिसमे प्रशिक्षणकर्ता की रहने -खाने, चाय व नाश्ते की भी निशुल्क व्यवस्था रहेगी। जो भी प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक हो, वो संस्थान के कार्यालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए आवेदन कर सकते है, आवेदन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर लिए जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय के टेलीफोन नंबर :-0144-2940830, 9462194801 पर प्रातः 10.00 बजे से 5.00 बजे तक संपर्क कर सकते है।
आप आवेदन कर सकते है यदि -
1. आवेदनकर्ता की उम्र 18 से 50 वर्ष है।
2. अलवर, खैरथल-तिजारा व कोटपुतली-बहरोड़ जिले के किसी भी गाँव के स्थाई निवासी हैं।
3. शैक्षणिक योग्यता - कम से कम 8 वी पास।
4. बी पी एल, मनरेगा, खाद्य सुरक्षा प्राप्त परिवार, स्वयं सहायता समूह, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री अंत्योदय योजना के अंतर्गत आते हैं।

## बारामुल्ला में शहीद हुए नितेश को केंद्रीय मंत्री ने अर्पित की श्रद्धांजलि



जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री तथा अलवर सांसद भूपेंद्र यादव ने 8 मार्च 2026 को बारामुल्ला में शहीद हुए ग्राम रामसिंहपुरा के नितेश को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने शहीद के परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। केंद्रीय मंत्री ने शहीद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने इस दुख की घड़ी में परिवारजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि शहीद नितेश का बलिदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा। उनका योगदान राष्ट्र की रक्षा और सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने परिजनों को हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी शहीद जवान को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर, जिलाध्यक्ष महासिंह चौधरी, डॉ अंजली यादव सहित शहिद के परिजन मौजूद रहे।

## अलवर अंडर-19 क्रिकेट टीम चयन के लिए पंजीयन 23 व 24 मई को

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु खिलाड़ियों का होगा चयन, आवश्यक दस्तावेज साथ लाना अनिवार्य

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला क्रिकेट संघ अलवर द्वारा राज्य स्तरीय अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों की चयन प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। इस चयन प्रक्रिया में केवल अलवर जिले के वे खिलाड़ी भाग ले सकेंगे जिनकी जन्म तिथि 1 सितम्बर 2007 से 31 अगस्त 2010 के मध्य है। जिला क्रिकेट संघ के अनुसार चयन प्रक्रिया में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ियों का पंजीयन 23 मई एवं 24 मई 2026 को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक जिला क्रिकेट संघ कार्यालय में किया जाएगा। निर्धारित समय में उपस्थित होकर सभी पात्र खिलाड़ियों को अपना पंजीयन कराना होगा। पंजीयन के दौरान खिलाड़ियों को डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, माता-पिता का वोटर आईडी कार्ड तथा पिछले तीन वर्षों की मार्कशीट साथ लानी अनिवार्य होगी। दस्तावेजों के सत्यापन के उपरांत ही खिलाड़ियों को चयन प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा। जिला क्रिकेट संघ ने जिले के सभी पात्र युवा क्रिकेट खिलाड़ियों से समय पर पंजीयन कराकर चयन प्रक्रिया में भाग लेने का आह्वान किया है, ताकि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अलवर की मजबूत टीम का गठन किया जा सके।

## केशव वाटिका में लगाए परिंडे

### परिंडे लगाने का अभियान तेज, शहर में लगाएंगे 2100 परिंडे



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से अलवर शहर में तेज गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए परिंडे लगाने का अभियान तेज हो गया है। स्कीम नंबर एक के केशव वाटिका पार्क में 11 परिंडे अर्चना आमेरिया के नेतृत्व में लगाए गए। कार्यक्रम में मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के अध्यक्ष संगीता सिंह, विश्व हिंदू महासंघ की महामंत्री रूबी वर्मा, रोशनी चेरेटी की रजनी गुप्ता, मुकता शर्मा सहित ज्योति अलग, मुस्कान मुखीजा, गायत्री परिवार से प्रतिभा सिंह, विमंदित बालकों के प्रशिक्षण की स्पेशलिस्ट सेवाभावी पायल प्रधान, समाजसेवी महेन्द्र गोयल, गुरप्रीत सिंह पवित्र, आंचल खंडेलवाल, वेदिका आमेरिया, जतिन, ललिता चुघ, प्रीति सहित काफी संखया में महिलाएं थी। मुख्य कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने बताया कि अलवर शहर में नेक कमाई की ओर से परिंडे लगाए जा रहे हैं जो 2100 लगाए जाएंगे। शहरवासी अपने घर पर सुविधानुसार परिंडे लगाए और उनमें प्रतिदिन पानी भरे।

# जिला स्तरीय जनसुनवाई में जिला कलक्टर ने संवेदनशीलता के साथ सुनी आमजन की परिवेदनाएं

### जनसुनवाई में 190 फरियादियों ने दी परिवेदनाएं, त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के अधिकारियों को दिए निर्देश



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** त्रि-स्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के तहत जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में गुरुवार को मिनी सचिवालय सभागार में जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित हुई, जिसमें 190 फरियादियों ने अपनी परिवेदनाएं प्रस्तुत की। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रो-एक्टिव एवं संवेदनशील रहकर जनसुनवाई व सम्पर्क पोर्टल के माध्यम से आने वाली परिवेदनाओं का सर्वोच्च प्राथमिकता से गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निराकरण करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज परिवादों में रैण्डमली 5 परिवादियों से दूरभाष पर वार्ता कर उनकी समस्याओं के समाधान के संबंध में फीडबैक लेवे। उन्होंने कहा कि अपने कार्यालय में आने वाले परिवादियों की परिवेदनाओं के समाधान हेतु नियमित जनसुनवाई करें। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुडे उपखण्ड स्तरीय अधिकारियों से परिवेदनाओं के संदर्भ में तथ्यात्मक स्थिति का फीडबैक लेकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर के समक्ष जिलेभर से आए 190 फरियादियों ने अपनी परिवेदना प्रस्तुत की, जिनमें मुख्य रूप से राजस्व, नगर निगम, यूआईटी, विद्युत, जलदाय, पुलिस आदि विभागों की परिवेदनाएं प्रस्तुत की गई। जनसुनवाई में अलवर शहर के 60 फुट रोड स्थित रामनगर कॉलोनी, वार्ड नं. 11 दिल्ली दवारजे के बाहर एवं राजगढ के वार्ड नं. 1 के ख्वास जी का बाग में सुचारू पेयजल आपूर्ति कराने, शहर की विश्वकर्मा कॉलोनी में अमृत योजना के तहत जलापूर्ति कराने के संबंध में परिवेदनाएं प्रस्तुत करने पर उन्होंने जलदाय विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि फरियादियों की पेयजल समस्याओं के त्वरित निराकरण करने के साथ जिले में पेयजल की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करावे तथा पाइप लाइन डालने हेतु खोदी गई सडकों को यथाशीघ्र दुरूस्त करावे। इसी प्रकार शहर में बायोडायवर्सिटी पार्क के पास सडक की मरम्मत कराने, वार्ड नं. 10 मीणापाडी क्षेत्र में रोड लाइट पोल लगवाने, मालवीय नगर कॉम्पलेक्स व गांधी नगर स्कीम नं. 8 के फरियादी द्वारा अवरूद्ध नाली की साफ-सफाई कराने, मेव बोर्डिंग के पास रोड नं. 2 पर सडक निर्माण एवं कचरा पॉइंट हटाने, संजय नगर के फरियादी द्वारा यूआईटी से पट्टा दिलाने, कठूमर तहसील के ग्राम दौलतपुरा निवासी द्वारा फार्म पौण्ड निर्माण कराने, पंचायत समिति उमरैण के ग्राम सावडीबास के निवासियों ने रोड व नाली निर्माण कराने एवं कब्रिस्तान में पानी की टंकी लगवाने, ग्राम ककराली जाट में विद्युत लाइन को ऊंचा कराने, ग्राम पंचायत नाथलवाडा में खेल मैदान बनवाने, कठूमर तहसील के गांव इन्द्रावली एवं रामगढ़ के गांव वारिसपुर के फरियादी द्वारा राशन कार्ड चालू कराने व गांव नंगली भवाना में अतिक्रमण हटाने इत्यादि परिवेदनाओं पर जिला कलक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारी एवं संबंधित उपखण्ड अधिकारी को निर्देश दिये कि परिवेदनाओं का समयबद्ध रूप में गुणवत्ता के साथ निस्तारण करें। इस दौरान एडीएम प्रथम योगेश डागुर, एडीएम शहर अंबा लाल मीणा, यूआईटी सचिव धीगदे स्नेहल नाना, नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रियंका, उपखण्ड अधिकारी माधव भारद्वाज, जेवीएनएल के अधीक्षण अभियन्ता आर. एस. बंसल, पीएचईडी के अधीक्षण अभियन्ता रमेश चंद सैनी, सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र शर्मा, डीएसओ विनोद जुनेजा सहित संबंधित अधिकारी एवं वीसी के माध्यम से सभी उपखण्ड अधिकारी एवं विकास अधिकारी जुडे।

## जनसुनवाई में विधायक बालकनाथ योगी ने सुनीं समस्याएं, अपराधी कहीं भी हों, बख्शे नहीं जाएंगे

### भिवाड़ी सोसायटी लूटकांड पर जताई सख्ती, जीरो टॉलरेंस नीति के तहत होगी कठोर कार्रवाई - महंत बालकनाथ



जयपुर टाइम्स

**तिजारा(निसं.)।** विधायक महंत बालकनाथ योगी ने गुरुवार को विधानसभा क्षेत्र में जनसुनवाई कर आमजन की समस्याएं सुनीं तथा उनके समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने भिवाड़ी, टपूकड़ा और तिजारा में आगंतुकों से मुलाकात कर विभिन्न जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की।
जनसुनवाई के दौरान विधायक बालकनाथ योगी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव तथा ढाणी-ढाणी तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि तिजारा विधानसभा क्षेत्र में भी पार्टी कार्यकर्ता आमजन के बीच रहकर विकास कार्यों एवं सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं।
हाल ही में भिवाड़ी की एक सोसायटी में हुई लूटपाट की घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए विधायक ने कहा कि यह अत्यंत गंभीर मामला है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधिकारियों को अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए कड़े निर्देश दे दिए गए थे। उन्होंने कहा कि 'अपराधी देश के किसी भी कोने में हों, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।'
उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति पर कार्य कर रही है तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री द्वारा पुलिस एवं प्रशासन को आमजन की सुरक्षा और हितों की रक्षा के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।
जनसुनवाई में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने अपनी समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। विधायक ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए समस्याओं के शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

## सद्भावना दिवस के रूप में मनाई गई स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि

### कांग्रेसजनों ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि, नीट पेपर लीक मामले के विरोध में जयपुर के लिए हुए रवाना



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कांग्रेस कमेटी, अलवर द्वारा देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि गुरुवार को सद्भावना दिवस के रूप में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र एवं प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके योगदान को याद किया।
प्रातः 7:15 बजे राजीव गांधी पार्क, मोती डूंगरी में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में कांग्रेसजनों ने राजीव गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। इस दौरान 'राजीव गांधी अमर रहें' तथा 'राजीव तेरा यह बलिदान, याद रखेगा हिंदुस्तान' जैसे नारों के साथ उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।
जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रकाश गंगावत ने कहा कि राजीव गांधी ने आधुनिक भारत के निर्माण, सूचना एवं संचार क्रांति को बढ़ावा देने, पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त बनाने तथा युवाओं को राजनीति में आगे लाने में ऐतिहासिक योगदान दिया। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी के विचार और विकास की सोच आज भी देश के लिए प्रेरणास्रोत हैं। श्रद्धांजलि सभा के पश्चात जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेसजन राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित नीट पेपर लीक प्रकरण के विरोध में भाजपा मुख्यालय के घेराव कार्यक्रम में भाग लेने के लिए इंदिरा गांधी भवन, पीसीसी कार्यालय, जयपुर के लिए रवाना हुए।
जिला कांग्रेस कमेटी ने कहा कि देश के युवाओं के भविष्य से जुड़े नीट पेपर लीक मामले को लेकर कांग्रेस पार्टी लगातार संघर्ष कर रही है तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग कर रही है। कार्यक्रम में गफूर खान, जोगेंद्र कोचर, पुष्पेंद्र धाभाई, योगेश मिश्रा, कमलेश सैनी, लीली यादव, सुनीता शर्मा, जेडी आर्यन, हीरेन्द्र शर्मा, राम बहादुर सिंह, रमन सैनी, गौरव यादव, दीपेंद्र सैनी, जमशेद खान, हुकम सिंह निर्भय, कृष्ण खंडेलवाल, संदीप सैनी, जगदीश सिंघल, एस.आर. यादव, प्रेम पटेल, छंगामल लखेरा, आमीन महर, दीपेंद्र सैनी, गौरव यादव, रमन सैनी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## हरिद्वार में उमड़ा आस्था का सैलाब, श्रद्धा-भक्ति के साथ हुआ मां गंगा का पूजन व दुग्धाभिषेक

### त्रिपोलेश्वर शिव शक्ति सेवा समिति के 125 श्रद्धालुओं ने हर की पैड़ी पर किया विधि-विधान से पूजन, 25 मई को अलवर में होगा गंगाजल अभिषेक



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** श्री त्रिपोलिया महादेव, अलवर से त्रिपोलेश्वर शिव शक्ति सेवा समिति के तत्वावधान में 125 श्रद्धालुओं का जत्था हरिद्वार पहुंचा, जहां पवित्र हर की पैढ़ी पर मां गंगा का विधि-विधानपूर्वक पूजन, दुग्धाभिषेक एवं चुनरी अर्पण-पहरावणी का कार्यक्रम श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुआ। धार्मिक आयोजन के दौरान हरिद्वार में आस्था का अद्भुत सैलाब देखने को मिला।
पुरुषोत्तम मास (अधिक मास) के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने मां गंगा को खीर-मालपुआ का विशेष भोग अर्पित किया। इसके उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन प्रारम्भ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।
समिति अध्यक्ष जितेन्द्र खेड़ापति ने बताया कि संध्या बेला में सभी श्रद्धालु मां गंगा की भव्य महाआरती में शामिल हुए। आरती के दौरान पूरा हर की पैढ़ी क्षेत्र 'हर-हर गंगे' और 'जय श्री महाकाल' के जयघोषों से गुंजायमान हो उठा। महाआरती के पश्चात भोजन प्रसादी का वितरण किया गया।
उन्होंने बताया कि 25 मई को श्री त्रिपोलिया महादेव मंदिर, अलवर में भव्य धार्मिक आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर हरिद्वार से लाए गए पवित्र गंगाजल से भगवान श्री त्रिपोलेश्वर नाथ का अभिषेक किया जाएगा। साथ ही श्रद्धालुओं को निशुल्क गंगाजल वितरण, महाआरती एवं प्रसाद वितरण का आयोजन भी किया जाएगा। धार्मिक यात्रा एवं पूजन कार्यक्रम में शामिल श्रद्धालुओं ने मां गंगा के समक्ष क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की। आयोजन ने श्रद्धालुओं में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करते हुए सनातन परंपराओं के प्रति आस्था को और मजबूत किया।

## जिला स्तरीय निष्पादन समिति की बैठक में शिक्षा विभाग की व्यवस्थाओं की समीक्षा



जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** जिला कलक्टर अतुल प्रकाश की अध्यक्षता में गुरुवार को शिक्षा विभाग की जिला स्तरीय निष्पादन समिति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में विद्यालयों की आधारभूत सुविधाओं, जर्जर भवनों, नामांकन तथा वित्तीय संसाधनों सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में जिला कलेक्टर ने जिले के सभी भवन विहीन विद्यालयों की सूची तैयार कर भूमि आवंटन एवं नए भवन निर्माण के प्रस्ताव शीघ्र उच्च अधिकारियों को भेजने के निर्देश दिए गए। जिन विद्यालयों में बिजली एवं पेयजल कनेक्शन उपलब्ध नहीं हैं, वहां संबंधित विभागों के समन्वय से तत्काल कनेक्शन सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही बोरवेल एवं पाइपलाइन विहीन विद्यालयों की सूची बनाकर आवश्यक कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए गए। बैठक में पंचायती राज विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग (ICDS), स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य लंबित प्रकरणों का आपसी समन्वय से त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने जिले के जर्जर एवं असुरक्षित विद्यालय भवनों की समीक्षा करते हुए जर्जर भवनों की सूची अपडेट करने तथा निर्माणाधीन भवनों का कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। विद्यालयों का निरीक्षण कर असुरक्षित भवनों की पहचान करने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान छत एवं दीवारों में दरारें, बीम क्रैक तथा छत से पानी टपकने जैसी समस्याओं की विशेष जांच करने के निर्देश दिए गए। साथ ही अनुपयोगी भवनों की सूची भी तैयार करने को कहा गया। उन्होंने बैठक में कम नामांकन वाले विद्यालयों की समीक्षा करने तथा विद्यार्थियों की संख्या के अनुपात में कमरों की कमी वाले विद्यालयों के लिए अतिरिक्त कक्ष निर्माण के प्रस्ताव तैयार कर भिजवाने के निर्देश भी दिए गए। बैठक के दौरान अधीक्षण अभियंता जलदाय विभाग धर्मवीर यादव, अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग ओमप्रकाश किराड, जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार मेघ सहित महिला एवं बाल विकास एवं शिक्षा विभाग के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## खेल से फिटनेस, तकनीक से भविष्य - केंद्रीय पर्यावरण मंत्री ने युवाओं को दिया नया विजन

### हार कर भी फिर उठना सिखाते हैं खेल- केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव

### केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने एशियाई बीच गेम्स रजत पदक विजेता जय भगवान का किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री तथा अलवर सांसद भूपेंद्र यादव ने एशियन बीच गेम्स में कबड्डी प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर देश और क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ी जय भगवान के स्वागत एवं सम्मान समारोह में शिरकत की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में खेल प्रेमी, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण मौजूद रहे। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने जय भगवान को साफा पहनाकर सम्मानित किया तथा उनकी उपलब्धि को युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण परिवेश से निकलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करना गर्व की बात है। जय भगवान की मेहनत, अनुशासन और समर्पण ने क्षेत्र के युवाओं को खेलों के प्रति नई ऊर्जा और प्रेरणा दी है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि खेल केवल करियर और सम्मान का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन जीने की दृष्टि भी प्रदान करते हैं। खेल हमें संघर्ष, अनुशासन और 'हार कर भी दोबारा खड़े होकर प्रयास करने' की भावना सिखाते हैं। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री की कविता की पंक्तियां क्या हार में, क्या जीत में, किंचित नहीं भयभीत मैं, कर्तव्य पथ पर जो भी मिला, यह भी सही, वो भी सही का उल्लेख करते हुए कहा कि खेल शरीर में नई ऊर्जा भरते हैं और लक्ष्य प्राप्ति तक लगातार प्रयास करना सिखाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए 'फिट इंडिया' के संदेश के माध्यम से देशभर में खेलों को बढ़ावा मिला है तथा खेल भावना व्यक्ति को हर परिस्थिति में सकारात्मक बनाए रखती है। भूपेंद्र यादव ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने युवाओं से खेलों में सक्रिय भागीदारी करने और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया। यादव ने अलवर सांसद खेल उत्सव का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले दो वर्षों से आयोजित इस खेल उत्सव ने क्षेत्र की हजारों प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया है। विभिन्न खेलों में युवाओं ने अपने हुनर का प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में खेल अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए हॉकी के लिए एस्ट्रोटर्फ, कुश्ती स्टेडियम सहित कई विकास कार्य किए गए हैं। खैरथल क्षेत्र के बंबोरा गांव स्थित सद्भावना केंद्र में कुश्ती खेल को बढ़ावा देने के लिए विशेष पहल की गई है। वहीं भिवाड़ी में बहुउद्देशीय खेल स्टेडियम के प्रथम चरण का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा द्वितीय चरण का कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया है, जिससे विभिन्न खेलों को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने गांव स्तर पर ग्रामीण के सहयोग से कबड्डी स्टेडियम एवं ट्रैक विकसित करने की भी बात कही। उन्होंने शिक्षा एवं तकनीक के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि पूर्व में 101 ई-लाइब्रेरी स्थापित करने की घोषणा को पूरा करते हुए अब अलवर संसदीय क्षेत्र में 133 ई-लाइब्रेरी स्थापित की जा चुकी हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को आधुनिक अध्ययन सुविधाएं मिल रही हैं। साथ ही स्वयं सहायता समूहों के लिए 43 क्लस्टरों में कार्यालय भवन विकसित किए जाएंगे। उन्होंने विज्ञान, तकनीक, अंग्रेजी और गणित विषयों को भविष्य की आवश्यकता बताते हुए विद्यार्थियों को इन विषयों में दक्ष बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में बालक बालिकाओं–को खेल, उद्योग और नई तकनीक के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए स्थानीय स्तर पर बेहतर सुविधाएं विकसित करनी होंगी। उन्होंने विश्वास जताया कि खैरथल तिजारा जिला भविष्य में देश का प्रमुख मैन्युफैक्चरिंग और टेक्नोलॉजी हब बन सकता है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने जय भगवान का जोरदार स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# राहुल गांधी के खिलाफ जयपुर में भाजपा का विशाल प्रदर्शन, जोरदार नारेबाजी पुतला जलाया

## महात्मा गांधी ने आजादी के बाद कांग्रेस को समाप्त करने के लिए कहा था, राहुल गांधी उसी दिशा में कर रहे है कार्य- मदन राठौड़

जयपुर टाइम्स





**जयपुर(कासं.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के लिए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा अपशब्दों का इस्तेमाल करने पर देशभर में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ आमजन में भारी आक्रोश पनप गया। गुरुवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी मुर्दाबाद के नारे लगाए और कांग्रेस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए भाजपा कार्यालय से लेकर चौमूं हाउस सर्किल तक जूलूस निकाला। भाजपा कार्यकर्ताओं ने चौमूं हाउस सर्किल पर राहुल गांधी का पुतला जलाया। भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि महात्मा गांधी ने आजादी के बाद कांग्रेस को समाप्त करने की बात कही थी, परन्तु तत्कालीन नेताओं ने अपने राजनीतिक स्वार्थ के कारण उसे जीवित रखा। लेकिन आज राहुल गांधी अपने बायानों और कार्यशैली से कांग्रेस को समाप्त करने की दिशा में आगे बढ़ रहे है। राहुल गांधी के स्टेटमेंट कांग्रेस की कब्र खोदने का काम कर रहे है। राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस अब धीरे धीरे लुप्तप्राय स्थिति में पहुंच चुकी है। देश के प्रधानमंत्री के लिए इस प्रकार की भाषा का उपयोग करना न केवल अशोभनीय है, बल्कि राष्ट्र के सम्मान के खिलाफ भी है। प्रधानमंत्री केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि देश का प्रतिनिधित्व करते हैं। राठौड़ ने कहा कि राहुल गांधी को भारत की विदेश नीति, कूटनीति और वैश्विक स्तर पर बढ़ती प्रतिष्ठा दिखाई नहीं देती, लेकिन उनका ध्यान केवल टॉफी और चॉकलेट जैसे विषयों पर केंद्रित है। केंद्र सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है, जबकि विपक्ष केवल अनर्गल, घटिया और हल्के स्तर की बयानबाजी पर उतर आया। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विभिन्न देशों में जाकर भारत को आर्थिक रूप से मजबूत करने की दिशा में काम कर रहे हैं, उस समय विपक्ष के नेता बचकाने बयान दे रहे हैं। राठौड़ ने कहा कि राहुल गांधी के बयानों से राष्ट्रभक्त नागरिकों में भारी नाराजगी है। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा राहुल गांधी का पुतला फूंका जाना इसी जनभावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भाजपा जल्द ही कांग्रेसी नेताओं के अपशब्दों पर जनजागरण अभियान चलाकर ऐसे नेताओं का लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करने का आह्वान करेगी जो देश के संवैधानिक पदों और नेतृत्व की गरिमा का सम्मान नहीं करते। राठौड़ ने स्वयं कार्यकर्ताओं को चॉकलेट वितरित करते हुए कहा कि इटली राहुल गांधी का ननिहाल है। ननिहाल में मेलोडी टॉफी देखते ही राहुल गांधी मचलने लगे। उन्हें टॉफी के अलावा किसी ओर का ध्यान नहीं रहा। राहुल गांधी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश नीति नहीं दिखाई दे रही, राहुल गांधी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कूटनीति नजर नहीं आ रही। जबकि उन्हें सिर्फ मेलोडी टॉफी नजर आ रही है, यह बचकाना हरकत नहीं है तो क्या है। राहुल गांधी की हरकतों को देखते हुए कहा जा सकता है कि वे बुद्धि से बच्चे ही है, वे मानसिक रूप से विकसित नहीं हुए है। राहुल गांधी के बयान राष्ट्रीय नेतृत्व के स्तर के अनुरूप नहीं हैं और इस प्रकार की टिप्पणियां उनकी राजनीतिक निराशा को दर्शाती हैं। राठौड़ ने कांग्रेस द्वारा भाजपा मुख्यालय घेराव पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस खुद पूरी तरह बिखरी हुई है और ऐसी स्थिति में भाजपा का घेराव करने की बात हास्यास्पद है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि कांग्रेस के बड़े नेता ही एकजुट दिखाई नहीं दे रहे हैं। नीट पेपरलीक मामले में भाजपा सरकार का कोई दोष नहीं है और बिना किसी ठोस आधार व नीति के केवल राजनीतिक नौटंकी की जा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस केवल अखबारों की सुर्खियों में आने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम कर रही है। राजस्थान में भाजपा सरकार के दौरान कोई पेपर लीक की घटना नहीं हुई है। नीट से जुड़ा मामला भी राजस्थान से संबंधित नहीं है। कांग्रेस शासनकाल में अनेक बार पेपर लीक की घटनाएं हुईं, लेकिन उस समय कांग्रेस ने वर्षों तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की। इसके विपरीत वर्तमान मामले में एनटीए ने तुरंत कार्रवाई की हैं। राठौड़ ने कहा कि किसी भी घेराव या आंदोलन के लिए जनबल और जनसमर्थन की आवश्यकता होती है, जो कांग्रेस के पास अब नहीं बचा है। कांग्रेस के आरोप निराधार हैं और जनता अब उनकी राजनीति को गंभीरता से नहीं लेती।

## भुज-दिल्ली- भुज प्रतिदिन एक्सप्रेस नई रेलसेवा का संचालन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु भुज-दिल्ली- भुज प्रतिदिन नई रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। इस रेलसेवा का जालोर-दिल्ली के मध्य एक तरफा उद्घाटन स्पेशल रेलसेवा के रूप में संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 04875, जालोर-दिल्ली एक तरफा उद्घाटन स्पेशल रेलसेवा दिनांक 22.5.26 को जालोर से 16.30 बजे रवाना होकर अगले दिन जयपुर स्टेशन पर 1.30 बजे आगमन व 1.40 बजे प्रस्थान कर 7.15 बजे दिल्ली पहुँचेगी। यह उद्घाटन स्पेशल रेलसेवा मोकलसर, समदडी, लूनी, पाली मारवाड, मारवाड जं., ब्यावर, अजमेर, किशनगढ, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, बांदीकुई, अलवर व रेवाडी स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस उद्घाटन स्पेशल रेलसेवा में 1 सैकण्ड एसी, 3 थर्ड एसी, 8 द्वितीय शयनयान, 4 साधारण श्रेणी, 1 गार्ड व 1 पॉवरकार डिब्बों सहित कुल 18 डिब्बे होंगे।

## साबरमती-जोधपुर-साबरमती सुपरफास्ट एक्सप्रेस रेलसेवा का जैसलमेर तक विस्तार

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रेलवे प्रशासन द्वारा साबरमती-जोधपुर-साबरमती सुपरफास्ट एक्सप्रेस रेलसेवा का जैसलमेर तक विस्तार किया जा रहा है। इस रेलसेवा के विस्तार का जैसलमेर-साबरमती उद्घाटन स्पेशल रेलसेवा के रूप में संचालन किया जायेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 04873, जैसलमेर-साबरमती उद्घाटन एक तरफा स्पेशल रेलसेवा दिनांक 22.5.26 को जैसलमेर से 12.30 बजे रवाना होकर मध्यरात्रि 3.30 बजे साबरमती पहुँचेगी। यह उद्घाटन स्पेशल रेलसेवा मार्ग में रामदेवरा, फलोदी, ओसियां, जोधपुर, भगत की कोठी, लूनी, दुदाड़ा, समदडी, मोकलसर, जालोर, मोदरान, मारवाड भीनवाल, रानीवाड़ा, धनेरा, भीलडी, पाटन व महेसाना स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस उद्घाटन स्पेशल रेलसेवा में 1 सैकण्ड एसी, 6 थर्ड एसी, 9 द्वितीय शयनयान, 4 साधारण श्रेणी, 1 गार्ड व 1 पॉवरकार डिब्बो सहित कुल 22 डिब्बे होंगे। जैसलमेर तक विस्तारित नियमित गाडी संख्या 20486/20485, साबरमती-जैसलमेर-साबरमती रेलसेवा का साबरमती से दिनांक 23.5.26 से एवं जैसलमेर से 23.5.26 से संचालित होगी। गाडी संख्या 20486, साबरमती-जैसलमेर प्रतिदिन सुपरफास्ट एक्सप्रेस रेलसेवा दिनांक 23.5.26 से साबरमती से 7.00 बजे रवाना होकर जोधपुर स्टेशन पर 14.40 बजे आगमन व 14.50 बजे प्रस्थान कर 20.30 बजे जैसलमेर पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 20485, जैसलमेर-साबरमती प्रतिदिन सुपरफास्ट एक्सप्रेस रेलसेवा दिनांक 23.5.26 से जैसलमेर से प्रतिदिन 6.30 बजे रवाना होकर जोधपुर स्टेशन पर 11.40 बजे आगमन व 11.50 बजे प्रस्थान कर 20.00 बजे साबरमती पहुँचेगी।

## जोधपुर-दिल्ली वंदे भारत सुपरफास्ट एक्सप्रेस 20 कोच से होगी संचालित, यात्रियों को मिलेगी अतिरिक्त सीटें

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु जोधपुर-दिल्ली कैंट वंदे भारत सुपरफास्ट एक्सप्रेस रेलसेवा में डिब्बों की संख्या में 8 से बढाकर 20 डिब्बों से संचालित की जा रही है। इस रेलसेवा की उद्घाटन स्पेशल रेलसेवा जोधपुर-दिल्ली के मध्य संचालित होगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 04871, जोधपुर-दिल्ली कैंट वंदे भारत सुपरफास्ट एक्सप्रेस एक तरफा उद्घाटन स्पेशल रेलसेवा दिनांक 22.5.26 को जोधपुर से 12.30 बजे रवाना होकर जोधपुर स्टेशन पर 17.10 बजे आगमन व 17.15 बजे प्रस्थान कर 22.20 बजे दिल्ली कैंट पहुँचेगी। यह उद्घाटन स्पेशल रेलसेवा मार्ग में मेडता रोड, डेगाना, मकराना, फुलेरा, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, अलवर, रेवाडी व गुडगॉव स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 2 एक्जिक्यूटिव चेयरकार, 16 वातानुकूलित चेयरकार व 02 ड्राइवर पावर कार सहित कुल 20 डिब्बे होंगे नियमित गाडी संख्या 26481/26482, जोधपुर-दिल्ली कैंट-जोधपुर वंदे भारत सुपरफास्ट एक्सप्रेस रेलसेवा में दिनांक 24.5.26 से 2 एक्जिक्यूटिव चेयरकार, 16 वातानुकूलित चेयरकार व 2 ड्राइवर पावर कार सहित कुल 20 होंगे।

## यात्रियों की सुविधा हेतु भुज-दिल्ली-भुज एक्सप्रेस प्रतिदिन नई रेलसेवा का संचालन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए भुज-दिल्ली-भुज एक्सप्रेस प्रतिदिन नई रेलसेवा (वाया भीलड़ी-जालोर) का संचालन प्रारंभ किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाड़ी संख्या 19403,भुज -दिल्ली प्रतिदिन एक्सप्रेस रेल सेवा दिनांक 23.5.26 से भुज से 11:15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 11:45 बजे दिल्ली पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 19404, दिल्ली- भुज प्रतिदिन एक्सप्रेस रेल सेवा दिनांक 24.5.26 से दिल्ली से 16:40 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 19: 35 बजे भुज पहुंचेगी। यह रेल सेवा मार्ग में अंजार, गांधीधाम, बचाउ, भीलड़ी, धनेरा, रानीवाड़ा, मारवाड़ भीनमाल, मोदरान, जालोर, मोकलसर, समदड़ी, लूनी, पाली मारवाड़, मारवाड़ जंक्शन, ब्यावर, अजमेर, किशनगढ़, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, बांदीकुई, अलवर एवं रेवाड़ी स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेल सेवा में 1 सेकंड एसी, 3 थर्ड एसी, 8 द्वितीय शयनयान ,4 द्वितीय साधारण श्रेणी, 1 पावर कार एवं 1 गार्ड डिब्बे सहित 18 एलएचबी डिब्बे होंगे।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दी वरिष्ठ अधिस्वीकृत पत्रकार सम्मान राशि में वृद्धि को मंजूरी,अब मिलेगी 18 हजार रुपये प्रतिमाह सम्मान राशि

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार पत्रकार कल्याण, सम्मान एवं सुरक्षा के लिए संकल्पित है। मुख्यमंत्री ने राज्य के पूर्णकालिक वरिष्ठ अधिस्वीकृत पत्रकारों के लिए सम्मान राशि को 15 हजार से बढ़ाकर 18 हजार रुपये प्रति माह करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री शर्मा द्वारा स्वीकृति मिलने के बाद सूचना एवं जनसंपर्क विभाग (डीआईपीआर) ने राजस्थान वरिष्ठ अधिस्वीकृत पत्रकार सम्मान योजना में संशोधन कर पूर्णकालिक वरिष्ठ अधिस्वीकृत पत्रकारों की सम्मान राशि में वृद्धि करते हुए इसे 18 हजार रुपये करने की अधिसूचना जारी कर दी है। डीआईपीआर द्वारा जारी राजस्थान वरिष्ठ अधिस्वीकृत पत्रकार सम्मान योजना (संशोधन) नियम-2026 के अनुसार ऐसे पूर्णकालिक अधिस्वीकृत पत्रकार, जिन्होंने दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक समाचार पत्र, स्वतंत्र पत्रकार, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं समाचार एजेंसी में कम से कम 20 वर्ष तक सेवायोजन कार्य किया हो (दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक समाचार पत्र, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं समाचार एजेंसी के संपादक, प्रकाशक व मालिक सहित) और जिनकी आयु 60 वर्ष या उससे अधिक है, वे प्रतिमाह 18 हजार रुपये सम्मान राशि के पात्र होंगे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वित्तीय वर्ष बजट 2026-27 में अधिस्वीकृत पत्रकारों की सम्मान राशि 15 हजार रुपये से बढ़ाकर 18 हजार रुपये करने की घोषणा की थी। इस बजट घोषणा की अनुपालना में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने यह अधिसूचना जारी की है। इस अधिसूचना के बाद वरिष्ठ अधिस्वीकृत पत्रकार सम्मान योजना के तहत दिवंगत पत्रकार की पत्नी को मिलने वाली सम्मान निधि की राशि भी 7 हजार 500 रुपये से बढ़कर 9 हजार रुपये हो गई है।

## चांद बावड़ी को देखकर रोमांचित हो उठे राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, फोटो देखकर देखने की इच्छा की थी जाहिर


जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागड़ी दौसा जिले में आभानेरी स्थित चांद बावड़ी को देखकर रोमांचित हो उठे उन्होंने काफी देर तक इस ऐतिहासिक स्थल को निहारा और इसे अद्भुत बताया । राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने बांदीकुई क्षेत्र में आयोजित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लिया तथा आभानेरी स्थित विश्व प्रसिद्ध चांद बावड़ी का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक मूल्यों और धार्मिक आयोजनों की सामाजिक भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। राज्यपाल ने बांदीकुई क्षेत्र के गुढ़ा आशिकपुरा में आयोजित 251 कुंडीय रुद्र महायज्ञ तथा आभानेरी स्थित तिवाड़ी कोठी में चल रही श्रीमद्भागवत गीता ज्ञान यज्ञ में भाग लिया। धार्मिक कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ ही नहीं है, बल्कि जीवन को बेहतर बनाने का मार्गदर्शक ग्रंथ भी है। यह हमें सिखाती है कि जीवन में कैसे आगे बढ़ना है और अपने कर्तव्यों का निर्वहन किस प्रकार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गीता का संदेश है कि अन्याय करने वाला कोई भी हो, उसके खिलाफ खड़ा होना चाहिए। उन्होंने भारतीय संस्कृति की महानता को रेखांकित करते हुए कहा कि इसे समाप्त करने के अनेक प्रयास हुए, हजारों वर्ष पहले आए आक्रमणकारियों ने यहां की संस्कृति को नष्ट करने की कोशिश की, लेकिन वे सफल नहीं हो सके। भारतीय संस्कृति अपनी गहरी जड़ों और मूल्यों के कारण आज भी जीवंत और मजबूत बनी हुई है। राज्यपाल ने कहा कि कथा वाचन, कीर्तन और प्रवचन जैसे धार्मिक आयोजन व्यक्ति के जीवन को सकारात्मक दिशा देने का कार्य करते हैं। ऐसे आयोजनों से व्यक्ति के भीतर सकारात्मक बदलाव आता है और मन की नकारात्मकता दूर होती है। समाज में इस प्रकार के आयोजन निरंतर होते रहने चाहिए। इसके पश्चात राज्यपाल ने आभानेरी स्थित विश्व प्रसिद्ध चांद बावड़ी का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान की हवेलियों के बारे में तो बहुत सुना था, लेकिन जब उन्होंने चांद बावड़ी के चित्र देखे तो इसे देखने की उनकी प्रबल इच्छा हुई। यहां पहुंचकर उन्होंने इसे अत्यंत अद्भुत बताया। उन्होंने कहा कि यह केवल देश ही नहीं, बल्कि विश्व की सबसे अनूठी और आकर्षक बावड़ियों में से एक है। इस अवसर पर जिला कलक्टर डॉ. सौम्या झा, पुलिस अधीक्षक सागर राणा सहित अन्य अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## भजनलाल सरकार के कार्यकाल में 351 पेपर हुए, एक भी पेपर लीक नहीं हुआ : जोगाराम पटेल

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के कानून और संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने गुरुवार को झुंझुनू जिले में पत्रकारों से बातचीत के दौरान जयपुर में कांग्रेस पार्टी की ओर से किए गए प्रदर्शन सवाल खड़ा किया और कहा कि कांग्रेस का जयपुर में किया गया प्रदर्शन पूरी तरह से निराधार है क्योंकि जिस बात को लेकर कांग्रेस पार्टी ने किया उसका कांग्रेस पार्टी के पास कोई खास सबूत नहीं है कांग्रेस पार्टी सिर्फ अपने अस्तित्व को बचाने के लिए अनर्गल मुद्दे और बेवजह के विषयों को उठाकर प्रदेश के लोगों को भ्रमित करने का प्रयास करती है और खुद को चर्चा में बनाए रखने का प्रयास करती है जिसको प्रदेश और देश की जनता अच्छी तरह से जानती है पटेल ने कहा कि हमारी सरकार के कार्यकाल में अब तक 351 सरकारी भर्ती परीक्षाओं का आयोजन हो चुका है जिसमें एक भी पेपर लिक नहीं हुआ किसी भी पेपर में किसी भी तरह की कोई गड़बड़ी और शिकायत उजागर नहीं हुई सभी परीक्षाएं पारदर्शक तरीके से सफलतापूर्वक संपादित हुई है जबकि पिछली कांग्रेस पार्टी के सरकार में प्रदेश में एक के बाद एक आयोजित हुई सरकारी भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हुए थे जिनकी जांच आज भी जारी है इसलिए पेपर लीक मामले में कांग्रेस पार्टी का इतिहास बहुत खराब रहा है कांग्रेस पार्टी के नेताओं को पहले अपने गिरेबान में झांक कर देखें लेकिन पूरे देश में कांग्रेस पार्टी हताशा के दौर से गुजर रही है एक के बाद एक राज्यों में कांग्रेस पार्टी को चुनाव में करारी पराजय का सामना करना पड़ रहा है देश की जनता ने कांग्रेस पार्टी से पूरी तरह से दूरी बना ली है इसलिए कांग्रेस पार्टी के छोटे बड़े सभी नेता अपनी पार्टी के अस्तित्व को बचाने के लिए और चर्चा में रहने के लिए सड़कों पर बेवजह के मुद्दे लाकर मीडिया में सुर्खियों में रहने का प्रयास करते हैं गुरुवार को कांग्रेस पार्टी की ओर से जयपुर में जब प्रदर्शन किया गया यह प्रदर्शन भी सिर्फ दिखावे के लिए किया गया मीडिया में बने रहने के लिए किया गया इससे ज्यादा इस प्रदर्शन का कोई मतलब नहीं है पत्रकारों से बातचीत के दौरान जोगाराम पटेल ने कहा कि राहुल गांधी लोकतांत्रिक व्यवस्था और राजनीति की मर्यादा को तार तार कर रहे हैं आज से पहले लोकसभा के किसी भी विपक्ष के नेता ने देश के प्रधानमंत्री को लेकर इतनी शर्मनाक बयान बाजी नहीं की जितनी बयान बाजी राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर कर रहे हैं उन्होंने कहा कि आज नरेंद्र मोदी भारत के लिए नहीं बल्कि पूरी दुनिया के सबसे लोकप्रिय और सबसे मजबूत नेता वैश्विक मंच पर माने जाते हैं यह हम सबके लिए गर्व और सम्मान की बात है लेकिन राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री पद की गरिमा को ही तारतार किया है राहुल गांधी को अपने बयान को लेकर सार्वजनिक तौर पर माफी मांगनी चाहिए उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 की बात देश में शासन की बागडोर हाथ में लेने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में हर क्षेत्र में तेजी से प्रगति की है आंतरिक सुरक्षा और बाहरी सुरक्षा दोनों ही मामलों में भारत ने पूरी दुनिया को अपनी ताकत का एहसास करवा दिया है इसीलिए आज दुनिया का कोई भी शक्तिशाली देश भारत को आंख नहीं दिखा सकता आज पूरी दुनिया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत को सम्मान देती है ऐसे में विपक्ष के नेता के रूप में राहुल गांधी का प्रधानमंत्री को लेकर जो बयान दिया गया है वह बेहद ही शर्मनाक है

## राजस्थान में खेलों के लिए तैयार होगा मजबूत ईको-सिस्टम : राज्यवर्धन राठौड़



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** खेल एवं युवा मामलों के मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने खेल विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर राज्य में खेलों से जुड़े मजबूत ईको-सिस्टम के निर्माण को लेकर विस्तृत चर्चा की।राजस्थान में खेल प्रतिभाओं को बेहतर मंच और व्यवस्थित प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने नई पहल शुरू की है। बैठक में खिलाड़ियों के ओवरऑल डवलपमेंट, आधुनिक ट्रेनिंग सिस्टम, प्रतिभाओं की पहचान, पारदर्शिता और खेल सुविधाओं के विस्तार जैसे विषयों पर विशेष फोकस किया गया। बैठक के दौरान राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि अब खेल विभाग हर महीने एक खेल को केंद्र में रखकर उसकी जरूरतों, चुनौतियों, उपलब्धियों और तकनीकी पहलुओं की गहन समीक्षा करेगा। संबंधित खेल से जुड़ी समस्याओं का समाधान निकालने के साथ ही खिलाड़ियों और कोचिंग सिस्टम को भी मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगले महीने दूसरे खेल पर इसी तरह फोकस किया जाएगा ताकि पूरे साल सभी खेलों को समान अवसर मिल सके। राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी के नेतृत्व में है यह प्रक्रिया 12 महीने तक चलनी चाहिए, जिससे खेलों के विकास की गति निरंतर बनी रहे और प्रतिभाओं को बेहतर प्लेटफॉर्म मिल सके। इसके साथ ही राज्य के विभिन्न जिलों की टीमों के बीच जोनल स्तर पर इंटर डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिताओं के आयोजन की योजना भी बनाई गई। राठौड़ ने अधिकारियों को विस्तार योजनाओं और प्रशिक्षण व्यवस्थाओं का एक महीने का प्री-ट्रेनिंग कैलेंडर तैयार करने के निर्देश दिए। कोचों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि प्रत्येक कोच अपने खिलाड़ियों की क्षमताओं, कमजोरियों और प्रदर्शन पर व्यक्तिगत रूप से ध्यान दे। बैठक में खिलाड़ियों के लिए एक व्यवस्थित और आसान सिस्टम करने पर भी चर्चा हुई। राठौड़ ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे फॉर्मेट वाले फॉर्म तैयार किए जाएं जिनके माध्यम से खिलाड़ी अपने खेल, चयन प्रक्रिया, प्रशिक्षण, प्रतियोगिताओं और सुविधाओं से जुड़ी जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकें।

## स्पीकर ओम बिरला ने बस में अधिकारियों के साथ सवार होकर कोटा शहर का निरीक्षण किया, ड्रेनेज सिस्टम को प्रोफाइल बनाने के लिए निर्देश

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को इलेक्ट्रिक बस में सवार होकर कोटा शहर का निरीक्षण किया, बिरला के साथ जिला कलेक्टर और जिला पुलिस अधीक्षक के अलावा कोटा विकास प्राधिकरण और अन्य सरकारी विभाग के अधिकारी भी बस में सवार थे, कोटा शहर की निरीक्षण के दौरान ओम बिरला ने कोटा शहर के ड्रेनेज सिस्टम को और प्रभावी बनाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए और कहा कि मानसून सत्र से पहले शहर में जल भराव की स्थिति पैदा नहीं हो इसके लिए अभी से ठोस प्रयास और कार्य शुरू कर देने चाहिए इसके लिए बिरला ने संबंधित अधिकारियों को जिन जगहों पर बरसात के दिनों में जल भराव की स्थिति बनती है उन स्थानों की कार्य योजना के प्रोजेक्ट तैयार करने के के निर्देश दिए गुरुवार को ओम बिरला ने कोटा शहर के निरीक्षण के दौरान अतिक्रमण हटाने के लिए भी अधिकारियों को गंभीरता से कार्य करने को कहा शहर में यातायात की प्रभावी, सरल और सम व्यवस्था हो और शहर में यातायात बाधित नहीं हो इसके लिए ट्रैफिक पुलिस से जुड़े अधिकारियों के अलावा कोटा विकास प्राधिकरण कोटा नगर निगम इत्यादि संस्थाओं अधिकारियों को भी इस विषय पर आपस में समन्वय और तालमहल रखते हुए कार्य करने के निर्देश दिए, ओम बिरला ने शहर में खराब सड़कों की मरम्मत, रोड लाइटिंग, साफ सफाई की समुचित और ठोस व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए भी संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए, ओम बिरला ने काफी देर तक शहर के अलग-अलग इलाकों में विभिन्न तरह की व्यवस्थाओं का जायजा लिया, ओम बिरला गुरुवार को शहर के लोगों में चर्चा का विषय भी बन रहे क्योंकि जिस तरह से उन्होंने एक ही बस में सवार होकर पेट्रोल और डीजल बचाने के प्रयास में जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के अलावा अन्य विभाग के अधिकारियों को भी अपनी ही बस में बिठाकर उन्होंने कोटा शहर का निरीक्षण किया उसकी हर जगह तारीफ हो रही है अन्यथा देखा जाता है कि कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और सभी सरकारी विभागों के बड़े अधिकारियों की अलग-अलग गाड़ियां होती है और वह अपनी अलग-अलग गाड़ियों में सवार होकर ही यात्रा करते हैं लेकिन यहां ओम बिरला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पेट्रोल और डीजल बचाने के अपील को काफी गंभीरता से लिया है उन्होंने खुद का प्रोटोकॉल भी काफी सीमित किया हुआ है और अपनी सिंगल इलेक्ट्रिक गाड़ी में ही सवार होकर अपने निर्वाचन क्षेत्र का दौरा करते नजर आते हैं उल्लेखनीय है कि ओम बिरला की सबसे बड़ी खासियत यह है कि बिरला दिल्ली में बहुत कम रहते हैं अन्यथा अपने निर्वाचन क्षेत्र में ही हमेशा नजर आते हैं जब लोकसभा का सत्र चल रहा होता है तभी ओम बिरला दिल्ली में रहते हैं अन्यथा बाकी के दिनों में अपने निर्वाचन क्षेत्र का दौरा करते रहते हैं और लोगों की समस्याओं का निवारण करते रहते हैं तथा अपने क्षेत्र के विकास के लिए लगातार सतत प्रयास करते रहते हैं यही वजह है कि ओम बिरला पिछले लोकसभा चुनाव में तीसरी बार कोटा बूंदी लोकसभा क्षेत्र से लगातार सांसद चुने गए और दूसरी बार लगातार लोकसभा के अध्यक्ष पद पर चुने गए इसमें कोई संदेह नहीं है पिछले 2 साल में जब से प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार का गठन हुआ है तब से कोटा बूंदी निर्वाचन क्षेत्र में ओम बिरला ने बड़ी संख्या में विकास कार्यों का संपादन करवाया है इसके अलावा केंद्र सरकार की ओर से भी अपने निर्वाचन क्षेत्र के लिए बड़ी संख्या में विकास कार्य संपादित करवाने में सफल हुए हैं इसीलिए ओम बिरला अपने निर्वाचन क्षेत्र में काफी पॉपुलर हो गए हैं ।

## कीटनाशक के सेवन से वृद्ध की मौत

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** तहसील के गांव सेहला में एक 65 वर्षीय व्यक्ति की कीटनाशक के सेवन से बीकानेर में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने गुरुवार को पुत्र की रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज कर लाश का पोस्टमार्टम करवाकर शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने बताया कि बनवारीलाल पुत्र हुकमाराम जाट निवासी सेहला ने रिपोर्ट दी कि उसके 65 वर्षीय पिता हुकमाराम ने 15 मई को घर पर ही भूलवश कीटनाशक का सेवन कर लिया था, जिससे उनकी तबियत बिगड़ गई। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद बीकानेर रैफर कर दिया। बीकानेर में उपचार के दौरान 20 मई को मौत हो गई। पुलिस ने शव का गुरुवार को पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

संपादकीय जयपुर टाइम्स

जयपुर, शुक्रवार
22 मई, 2026

## नगर निगम की बड़ी कार्रवाई: बाजारों से हटाए अतिक्रमण, 6 कैंटर सामान जब्त

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** नगर निगम जयपुर की सतर्कता शाखा ने गुरुवार को शहर के विभिन्न बाजारों और प्रमुख मार्गों पर अस्थायी अतिक्रमण हटाने के लिए व्यापक अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान निगम टीम ने 6 कैंटर सामान जब्त कर निगम गोदाम भिजवाया। नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा के निर्देशानुसार वं पूर्व में प्राप्त शिकायतों के आधार पर उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। कार्रवाई बड़ी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार, छोटी चौपड़, किशनपोल बाजार, अजमेरी गेट, इंद्रा बाजार, सांगानेरी गेट, संजय बाजार, घाटगेट, गोविंद मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, दिल्ली बाईपास रोड, ब्रह्मपुरी सहित कई क्षेत्रों में की गई। सतर्कता शाखा की टीम ने सड़क किनारे और बाजार क्षेत्रों में किए गए अस्थायी अतिक्रमण हटवाए। इस दौरान रायसर प्लाजा स्थित सुरेंद्र चाट भंडार, बाबा हरिश्चंद्र मार्ग, पिंक स्क्वायर मॉल के सामने, घाट की गुणी, ईदगाह पाड़ा मंडी, शुक्लपुरी की गली और बड़ा अखाड़ा क्षेत्र में भी कार्रवाई की गई। उपायुक्त सतर्कता ने बताया कि अभियान के दौरान अतिक्रमणकारियों को मौके पर समझाइश देते हुए चेतावनी दी गई कि वे समय रहते अपने अस्थायी अतिक्रमण स्वयं हटा लें, अन्यथा भविष्य में भारी जुर्माना और सख्त कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार शहर में यातायात व्यवस्था सुचारु रखने और आमजन को राहत देने के लिए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

## जयपुर में गंदगी फैलाने वालों पर निगम सख्त, 85 लाख से अधिक जुर्माना वसूला

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नगर निगम जयपुर ने गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ सख्त अभियान छेड़ रखा है। खुले में कचरा फेंकने, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने, सीएनडी वेस्ट फैलाने और स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। निगम ने 1 मार्च 2026 से अब तक विभिन्न मामलों में 85 लाख 49 हजार रुपए से अधिक का जुर्माना वसूल किया है। नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा ने बताया कि शहर में स्वच्छता बनाए रखना निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए निगम की टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने वाले करीब 900 से अधिक लोगों और संस्थानों से 14 लाख 53 हजार रुपए से अधिक का कैरिंग चार्ज वसूला गया है। वहीं खुले में कचरा फेंककर गंदगी फैलाने वालों से 60 लाख 22 हजार रुपए तथा सीएनडी वेस्ट फैलाने वालों से 8 लाख 64 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया है। आयुक्त ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति शहर को गंदा करता है या स्वच्छता मानकों का उल्लंघन करता पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने आमजन से भी शहर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि स्वच्छ जयपुर बनाना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। नगर निगम की टीमें शहरभर में सफाई व्यवस्था और निगरानी अभियान लगातार चला रही हैं, ताकि जयपुर को स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर स्थान दिलाया जा सके।

## पार्किंग व्यवस्था नहीं मिलने पर निगम ने 4 मैरिज गार्डन किए सीज, डेयरी बूथों पर भी कार्रवाई

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** नगर निगम जयपुर ने शहर में नियमों की पालना सुनिश्चित करने और नागरिक सुविधाओं को व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को विशेष अभियान चलाया। अभियान के तहत पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था नहीं मिलने पर चार मैरिज गार्डनों को सीज किया गया, जबकि तंबाकू उत्पाद बेचने वाले पांच डेयरी बूथ संचालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा के निर्देशानुसार मानसरोवर जोन में उपायुक्त लक्ष्मीकांत कटारा के नेतृत्व में राजस्व शाखा एवं सतर्कता टीम ने संयुक्त रूप से विभिन्न विवाह स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कई मैरिज गार्डनों में नियमानुसार 25 प्रतिशत पार्किंग व्यवस्था उपलब्ध नहीं थी। इस पर कार्रवाई करते हुए स्वर्ण गार्डन (न्यू सांगानेर रोड), बालाजी पैलेस (सिरसी रोड, भांकरोटा), के.के. पैराडाइज (कीर्ति सागर, मांग्यावास) तथा उत्सव मैरिज गार्डन (पंचोली विहार विस्तार, नारायण विहार) को सीज कर दिया गया। इसके अलावा अभियान के दौरान पांच डेयरी बूथों पर तंबाकू उत्पादों की बिक्री पाए जाने पर संबंधित संचालकों के खिलाफ चालान बनाए गए। नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया कि शहर में नियमों की अवहेलना करने वाले संस्थानों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। निगम का उद्देश्य यातायात व्यवस्था, स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाते हुए जयपुर को अधिक व्यवस्थित एवं अनुशासित शहर के रूप में विकसित करना है।

## छह वर्षीय बालिका के साथ छेड़छाड़, पोक्सो में मामला दर्ज

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** शहर की रहने वाली छह वर्षीय बालिका के साथ छेड़छाड़ करने पर पुलिस ने एक युवक के खिलाफ गुरुवार को पोक्सो में मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि शहर के एक वार्ड की रहने वाली विवाहिता ने रिपोर्ट दी कि उसकी छह साल की बेटी के साथ सरदारशहर निवासी 35 वर्षीय सकील ने छेड़छाड़ की। विवाहिता की रिपोर्ट पर पुलिस ने सकील के खिलाफ पोक्सो में मामला दर्ज कर जांच सब इंसपेक्टर सुभाषचंद्र के सुपुर्द की है।

## प्रिंट रेट से महंगी बिक रही शराब, ओवररेटिंग से उपभोक्ता परेशान

जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित शराब दुकानों पर निर्धारित प्रिंट रेट से अधिक कीमत वसूलने के आरोप सामने आए हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि आबकारी विभाग के नियमों के बावजूद शराब ठेकों पर खुलेआम ओवररेटिंग की जा रही है, जिससे ग्राहकों की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार देशी शराब के पव्वों पर 10 से 15 रुपए, अंग्रेजी शराब की बोतलों और क्वार्टर पर 20 से 40 रुपए तक अतिरिक्त वसूले जा रहे हैं। वहीं कुछ ब्रांडेड शराब की बड़ी बोतलों पर 50 से 100 रुपए तक अधिक राशि लेने की शिकायतें सामने आई हैं। बीयर को ठंडा करने के नाम पर भी प्रति बोतल या कैन 20 से 25 रुपए अतिरिक्त वसूले जाने का आरोप है। उपभोक्ताओं का कहना है कि जब वे निर्धारित मूल्य से अधिक राशि लेने का विरोध करते हैं या कैश मेमो मांगते हैं, तो कई बार सेल्समैन अभद्र व्यवहार करते हैं। कुछ ग्राहकों ने आरोप लगाया कि डिजिटल भुगतान के लिए दुकान आवंटनधारी के बजाय अन्य व्यक्तियों के स्कैनर इस्तेमाल किए जा रहे हैं, जिससे लेनदेन का स्पष्ट रिकॉर्ड नहीं रह पाता। ग्राहकों ने यह भी आरोप लगाया कि क्षेत्र में कुछ स्थानों पर अवैध शाखाओं और होटलों पर देर रात तक शराब बिक्री की जा रही है। इससे आबकारी नियमों की पालना पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

स्थानीय लोगों ने आबकारी विभाग से शराब दुकानों की जांच कर निर्धारित मूल्य पर बिक्री सुनिश्चित कराने, कैश मेमो जारी करने तथा अवैध वसूली पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# वाशिंगटन नए शीत युद्ध की तीखी प्रतिद्वंद्विता के दायरे से बाहर निकलकर बीजिंग के साथ कुछ मामलों में सह-अस्तित्व की संभावनाएं तलाशने में जुटा

> *ताइवान के संदर्भ में बीजिंग में चिनफिंग ने एक लक्ष्मण रेखा खींचते हुए ट्रंप को चेताया कि अगर इस मुद्दे को गलत तरीके से आगे बढ़ाया गया तो इससे चीन और अमेरिका के बीच खतरनाक संघर्ष हो सकता है। बीजिंग से लौटकर ट्रंप ने मानो चिनफिंग के प्रभाव में आकर यह कहा कि चीन बहुत शक्तिशाली देश है, जो नन्हें ताइवान से मात्र 59 मील दूर है, जबकि अमेरिका की ताइवान से दूरी 9,500 मील है। उन्होंने यह भी इशारा किया कि अगर ताइवान की ताकत माना जाने वाला सेमीकंडक्टर उद्योग अमेरिका में स्थानांतरित कर दिया जाए तो ताइवान की कोई अहमियत ही नहीं रह जाएगी और चीन उसे जब चाहे अपने चंगुल में ले सकता है। ताइवान पर किसी संभावित चीनी हमले की सूरत में अमेरिकी सैन्य हस्तक्षेप को लेकर भी ट्रंप ने कोई आश्वासन नहीं दिया। ताइवान के साथ जापान की सुरक्षा के जुड़ाव को देखते हुए इसे लेकर और अनिश्चितता पैदा हो गई है कि अमेरिका समूचे पूर्वी एशिया को उसके अपने हाल पर छोड़ सकता है, जिससे चीनी वर्चस्व की आशंका ही बढ़ेगी। पहले ऐसा लग रहा था कि जापान, आस्ट्रेलिया, भारत और दक्षिण पूर्वी एशियाई देशों के साथ मिलकर अमेरिका चीनी आक्रामकता के सापेक्ष शक्ति का संतुलन बनाए रखने में सहायक बना रहेगा, लेकिन अब यह धारणा ध्वस्त होती दिख रही है। कहने को तो अमेरिका हिंद-*



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का हालिया चीन दौरा कई मायनों में महत्वपूर्ण रहा, क्योंकि इसका सरोकार भारत और अन्य एशियाई देशों की विदेश नीति एवं रणनीतिक दशा-दिशा से भी है। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ ट्रंप की भाव-भंगिमाओं से यह भी आभास हुआ कि वाशिंगटन नए शीत युद्ध की तीखी प्रतिद्वंद्विता के दायरे से बाहर निकलकर बीजिंग के साथ कुछ मामलों में सह-अस्तित्व की संभावनाएं तलाशने में जुटा है। चीन के प्रति अमेरिका की इस नरमी का मूल कारण है कि ट्रंप प्रशासन दक्षिण अमेरिका को अपना प्रमुख प्रभुत्व क्षेत्र मानता है और एशिया में अनुकूल शक्ति संतुलन बनाए रखने के प्रति उतना उत्साहित नहीं, जितना पूर्ववर्ती बाइडेन प्रशासन था।

हालांकि अभी चीन ही ऐसा एकमात्र देश है, जो अमेरिका को वैश्विक स्तर पर चुनौती दे रहा है। प्रतीत होता है कि इस प्रतिद्वंद्वी से पार पाने में ट्रंप पारंपरिक अमेरिकी दृष्टिकोण में भरोसा नहीं रखते। जैसे कि ताइवान के मुद्दे को ही लें। ताइवान की स्वतंत्रता और अस्तित्व को चीन के अतिक्रमण से बचाने के लिए अमेरिका दशकों से सैन्य सहायता और सुरक्षा आश्वासन देता आ रहा है, लेकिन इस बीच पूर्वी यूरोप एवं पश्चिमी एशिया के युद्धों में उलझने के बाद और चीन के साथ रिश्तों की नजाकत को देखते हुए अमेरिका ने ताइवान को स्वीकृत, लेकिन अभी तक वितरित न किए गए हथियारों में 21 अरब डालर से अधिक का बकाया रखा है।

ताइवान के संदर्भ में बीजिंग में चिनफिंग ने एक लक्ष्मण रेखा खींचते हुए ट्रंप को चेताया कि अगर इस मुद्दे को गलत तरीके से आगे बढ़ाया गया तो इससे चीन और अमेरिका के बीच खतरनाक संघर्ष हो सकता है। बीजिंग से लौटकर ट्रंप ने मानो चिनफिंग के प्रभाव में आकर यह कहा कि चीन बहुत शक्तिशाली देश है, जो नन्हें ताइवान से मात्र 59 मील दूर है, जबकि अमेरिका की ताइवान से दूरी 9,500 मील है। उन्होंने यह भी इशारा किया कि अगर ताइवान की ताकत माना जाने वाला सेमीकंडक्टर उद्योग अमेरिका में स्थानांतरित कर दिया जाए तो ताइवान की कोई अहमियत ही नहीं रह जाएगी और चीन उसे जब चाहे अपने चंगुल में ले सकता है।

ताइवान पर किसी संभावित चीनी हमले की सूरत में अमेरिकी सैन्य हस्तक्षेप को लेकर भी ट्रंप ने कोई आश्वासन नहीं दिया। ताइवान के साथ जापान की सुरक्षा के जुड़ाव को देखते हुए इसे लेकर और अनिश्चितता पैदा हो गई है कि अमेरिका समूचे पूर्वी एशिया को उसके अपने हाल पर छोड़ सकता है, जिससे चीनी वर्चस्व की आशंका ही बढ़ेगी। पहले ऐसा लग रहा था कि जापान, आस्ट्रेलिया, भारत और दक्षिण पूर्वी एशियाई देशों के साथ मिलकर अमेरिका चीनी आक्रामकता के सापेक्ष शक्ति का संतुलन बनाए रखने में सहायक बना रहेगा, लेकिन अब यह धारणा ध्वस्त होती दिख रही है। कहने को तो अमेरिका हिंद-प्रशांत क्षेत्र को लेकर अभी भी गंभीर है और उसकी सैन्य सक्रियता भी जारी है, लेकिन चीन को पीछे धकेलने के उसके इरादे विश्वसनीय नहीं लग रहे हैं।

भू-राजनीति के हिसाब से अमेरिका चीन के प्रति भले ही ढुलमुल रवैया अपना रहा हो, लेकिन आर्थिक और तकनीकी प्रतिस्पर्धा में दोनों महाशक्तियों के बीच टकराव में कोई खास कमी नहीं दिख रही। ट्रंप मूल रूप से हैं तो एक व्यापारी ही और व्यापारिक दबाव की रणनीति को समझते हुए ही उन्होंने चीन को निर्यात होने वाली उच्च तकनीक पर न तो नियंत्रण में कोई ढील दी और न ही उस पर कायम 31 प्रतिशत के व्यापार शुल्क में कोई रियायत दी। चीन ने दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति रोककर अमेरिका को थोड़ा बहुत मजबूर जरूर किया था, लेकिन वाशिंगटन ने बीजिंग पर वाणिज्यिक दबाव पूरी तरह नहीं हटाया है।

चीन दौरे पर ट्रंप के साथ अमेरिका के दिग्गज उद्योगपतियों का बड़ा प्रतिनिधिमंडल भी गया था, लेकिन वहां ऐसी महत्वाकांक्षी घोषणाएं नहीं हुईं, जिनसे लगे कि उन सुनहरे दिनों की कोई वापसी हो पाएगी, जब अमेरिकी पूंजीवादी चीन में निवेश बढ़ाकर दोनों देशों के बीच परस्पर निर्भरता को नए सिरे से आगे बढ़ाएंगे। ऐसे रुझानों को देखें तो चीन-अमेरिका संबंधों की मिश्रित तस्वीर उभरी है। ट्रंप युग में चीन के साथ अमेरिका का भू-राजनीतिक टकराव तो कम हो रहा है, जिससे एशिया में चीन के अनियंत्रित क्षेत्रीय विस्तारवाद को लेकर आशंकाएं बढ़ रही हैं। जबकि दूसरी ओर, चीन के साथ अमेरिका का आर्थिक और तकनीकी टकराव जारी रहना तय है, जिससे भारत जैसी उभरती शक्तियों के लिए अमेरिकी निवेश और विशेषज्ञता प्राप्त करने के अवसर खुलते हैं।

इस परिदृश्य से साफ है कि आक्रामक चीन के विरुद्ध प्रतिरक्षा और प्रतिरोध के लिए भारत को मुख्यतः अमेरिका से आस लगाए रखना आत्महत्या के समान होगा। हमें अपनी सैन्य क्षमताओं को प्राथमिकता देकर उन्हें धार देनी होगी और चीनी आक्रामकता से परेशान पड़ोसियों के साथ मिलकर सुरक्षा का मजबूत ढांचा खड़ा करना होगा। क्वाड जैसे संगठनों से अगर अमेरिका किनारा भी करे तो अन्य सदस्यों के साथ मिलकर उसे सशक्त करने के उपाय किए जाएं। इस परिदृश्य के दूसरे पहलू को देखें तो अमेरिका और चीन के बीच जारी आर्थिक एवं तकनीकी टकराव का लाभ भारत जैसे देश को पश्चिमी दिग्गज कंपनियों से निवेश आकर्षित करने के लिए उठाना चाहिए।

इस दिशा में कुछ प्रयास फलीभूत होते भी दिख रहे हैं, जहां एमेजोन, माइक्रोसाफ्ट और गूगल जैसी दिग्गज अमेरिकी कंपनियों ने बीते एक साल के दौरान भारत में 67.5 अरब डालर के निवेश की घोषणा की है। लगभग 28 प्रतिशत आइफोन अब भारत में बन रहे हैं। यह घटनाक्रम चीन में व्यापार को लेकर अमेरिकी पूंजीवादी हलकों में व्याप्त शंकाओं का ही परिणाम है। यदि भारत चीन से दूर जा रहे अमेरिकी पूंजी निवेश को हासिल कर पाता है, तो इससे विकसित और शक्तिशाली राष्ट्र बनने के हमारे सपने को साकार करने में भारी मदद मिलेगी। वहीं, सामरिक मोर्चे पर आत्मनिर्भर बनते हुए आर्थिक मामलों में सूझबूझ से कदम उठाए जाएं तो चीन और अमेरिका के बीच बदलते समीकरणों का भारत एक बड़ा लाभार्थी बन सकता है।

## नीट पेपर लीक मामले को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन, भाजपा मुख्यालय घेराव के दौरान पुलिस से हुई धक्का-मुक्की



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** नीट पेपर लीक मामले को लेकर गुरुवार को कांग्रेस ने जयपुर में जोरदार प्रदर्शन किया। राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष सारिका सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, महिला कांग्रेस पदाधिकारी और युवा भाजपा मुख्यालय के घेराव के लिए सड़कों पर उतरे। प्रदर्शन के दौरान जयपुर कमिश्नरेट के पास पुलिस ने बैरिकेडिंग कर कार्यकर्ताओं को रोकने का प्रयास किया, जिससे मौके पर तनावपूर्ण स्थिति बन गई। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार और भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हृश्वश्वज्ञ पेपर लीक मामले की उच्च स्तरीय जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई। प्रदर्शन के दौरान युवाओं और महिलाओं का आक्रोश देखने को मिला तथा पूरा क्षेत्र नारों से गूंज उठा। भरतपुर से पहुंचीं राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की महासचिव रिक्की सिंह हंतरा ने अपने समर्थकों के साथ प्रदर्शन में भाग लिया। उन्होंने केंद्र सरकार पर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए कहा कि पेपर लीक की घटनाओं ने लाखों छात्रों का भविष्य प्रभावित किया है। प्रदर्शन के दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस ने बल प्रयोग किया। इसके बाद महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष सारिका सिंह, रिक्की सिंह हंतरा और अन्य महिला पदाधिकारी सड़क पर धरने पर बैठ गईं। सारिका सिंह ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे, हृश्वश्वज्ञ पेपर लीक मामले की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच तथा कथित पेपर माफियाओं की गिरफ्तारी की मांग की। रिक्की सिंह हंतरा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी युवाओं के अधिकारों और न्याय के लिए सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व युवाओं के भविष्य से जुड़े इस मुद्दे को गंभीरता से उठा रहा है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई तक आंदोलन जारी रहेगा।

## जिला परिवहन अधिकारी सहित 6 विभागों के अधिकारियों के अनुपस्थित होने पर कारण बताओं नोटिस जारी

जयपुर टाइम्स



**खैरथल-तिजारा।** त्रिस्तरीय जनसुनवाई के तहत तीसरे गुरूवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई जिला कलक्टर अतुल प्रकाश की अध्यक्षता में जिला सचिवालय खैरथल-तिजारा सभागार में आयोजित की गई। इस दौरान जिला कलक्टर ने आमजन की परिवेदनाओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को इनके शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिये। जनसुनवाई में 75 प्रकरण सुन अधिकारियों को जल्द निस्तारण के निर्देश। जिला स्तरीय जनसुनवाई में कुल 75 प्रकरण प्राप्त हुए। जिनमें प्रमुख रूप से किसान सम्मान निधि, पथरगढ़ी, आम रास्ते का निर्माण, साफ सफाई, राशन दुकान खुलवाने, आगजनी में सहायता, बटवारा के प्रकरण, अवैध कब्जा के प्रकरण, श्रमिक कल्याण योजना, जन आधार से नाम हटाने, पट्टा जारी करवाने, जोगीवाड़ा स्थित शराब का ठेका व आरा मशीन हटवाने, श्मशान घाट हेतु भूमि आवंटन निर्माण, श्रमिक शिक्षा के तहत छात्रवृत्ति, पेयजल की सप्लाई सुचारु कराने, पानी को बहाव को रोकने हेतु नाका बनवाने, पीएम आवास योजना के तहत बने मकान की जिओ टैगिंग कर नरेगा भुगतान करवाने, इंतकाल खुलवाने, भूमि अवाप्त का मुआवजा दिलाने, सड़क, आवासीय पट्टा बनवाने, नामांतरण, जमीन विवाद सहित विभिन्न विषयों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। उन्होंने पानी की समस्या के परिवादों पर अधीक्षण अभियंता पीएचईडी को परिवादी के वार्ड 34 में जाकर वास्तविक स्थिति की जानकारी लेकर समस्या का निस्तारण करने के निर्देश दिए। पीएम सम्मान निधि योजना एवं पेंशन योजना के लाभार्थियों का वेरिफिकेशन करवा कर योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने सीमाज्ञान, पत्थरगढ़ी, अतिक्रमण हटाने, रास्ता खुलवाने जैसे परिवादों में उपखंड अधिकारी एवं तहसीलदार को तत्काल रूप से आवश्यक कार्रवाई करते हुए निस्तारित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान परिवादी की शिकायत पर विवाह पंजीयन सर्टिफिकेट बनाने में अनावश्यक रूप से देरी एवं लापरवाही, साथ ही परिवादी को बार-बार चक्कर काटने के लिए जिला कलेक्टर ने ग्राम विकास अधिकारी भोंकर मिंटू पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए जिला कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे आमजन के प्रति पूर्ण जवाबदेही रखते हुए प्रत्येक समस्या का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें, ताकि परिवादियों को वास्तविक राहत मिल सके। साथ ही आगामी साप्ताहिक समीक्षा बैठक में निस्तारित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की जाएगी, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि अधिकारियों द्वारा किए गए निस्तारण की गुणवत्ता कैसी रही तथा परिवादी के कार्य का वास्तविक रूप से समाधान हुआ है या नहीं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की भावना के अनुरूप आमजन को अधिक से अधिक राहत देने के लिये सभी विभाग-अधिकारी मिलकर काम करें ताकि जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन लाभान्वित हो सके।

## देवगांव में भक्ति का महासागर उमड़ा: गूंजे जयकारे, निकली भव्य कलश यात्रा

### श्री गुरु कृपा अखंड ज्वाला मारुति महायज्ञ का शुभारंभ

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निस)।** देवगांव नूंआ में गुरुवार को उस समय भक्तिमय हो उठी, जब श्री सनमुख बालाजी धाम देवगांव में आयोजित श्री गुरु कृपा अखंड ज्वाला मारुति महायज्ञ के शुभारंभ अवसर पर विशाल कलश यात्रा निकाली गई। श्रद्धा, आस्था और सनातन संस्कृति के रंगों से सराबोर इस भव्य आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर वातावरण को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। कलश यात्रा में महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश धारण कर भजन-कीर्तन और जयघोषों के साथ नगर भ्रमण किया। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। 'जय श्री राम' और 'बालाजी महाराज की जय' के उद्घोषों से देवगांव क्षेत्र गूंज उठा। कार्यक्रम भक्त शिरोमणि किशोर सिंह महाराज व महंत श्री 1008 मनोहर शरण शास्त्री (निंबार्क रत्न), श्री गोपाल जी का बड़ा मंदिर पलसाना, सीकर के पावन सानिध्य में संपन्न हुआ। संतों ने अपने उद्बोधन में कहा कि यज्ञ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा, संस्कार और लोककल्याण का माध्यम है। कार्यक्रम संयोजक महेश बसावतिया ने बताया कि युवाओं से भारतीय संस्कृति और धर्म परंपराओं से जुड़ने का आह्वान किया। यज्ञाचार्य याज्ञिक पंडित वासुदेव शर्मा की ओर से वैदिक मंत्रोच्चार व शास्त्रीय विधि-विधान के साथ महायज्ञ का शुभारंभ कराया गया। आयोजन में मुख्य यजमान के रूप में हेमंत कुमार अग्रवाल उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपाध्यक्ष सुनील बाबल, रघुवीर सिंह शेखावत, सरजीत सिंह राठौड़, सुरेंद्र कुड़ी, कोषाध्यक्ष आशीष कुमावत, रतिराम, गायत्री शर्मा झुंझुनूं, शिवचरण पुरोहित, सुरेंद्र शर्मा, श्याम सुंदर शर्मा लालपुर, सुरेंद्र बेरवाल, मयंक अग्रवाल, नीरज खीचड़, सुखराम डूडी, विक्रम, मनमोहन सिंह, करण सिंह, हनुमान सिंह, हरीश शर्मा, दीपेंद्र सिंह, मेहताब सिंह, जयपाल डूडी, श्रवण सिंह, अशोक जांगिड़, प्रमोद कुमार, ईश्वर बुडानिया, सुमित खीचड़, सुनील कृष्णिया, जितेंद्र सिंह, शेर सिंह, महावीर सिंह, मनोहर सिंह, प्रेम कुमार, रामकुमार सिंह, दिलीप सिंह, मदन, प्रहलाद, हरिराम व पूर्ण सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। धार्मिक आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना हुआ है। मंदिर परिसर को आकर्षक सजावट और रोशनी से सजाया गया है। आयोजन समिति के अनुसार आगामी दिनों में भजन संध्या, संत प्रवचन और विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन भी किया जाएगा। कार्यक्रम समिति के मंत्री महेश बसावतिया ने बताया कि महायज्ञ व धार्मिक आयोजनों में क्षेत्रभर से श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं और आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति के सदस्य लगातार व्यवस्थाओं में जुटे हुए हैं।

## संतान को संपत्ति नहीं संस्कार दें: आचार्य तेजप्रकाश वशिष्ठ

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** क्षेत्र के सिंघावली गांव में बुधवार से श्रीमद्भागवत कथा का भव्य शुभारंभ हुआ। कथा प्रारंभ से पूर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं और कन्याओं ने सिर पर कलश धारण कर भाग लिया। भजन-कीर्तन और जयकारों से पूरा गांव भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। कथा के दौरान बीच का पुरा गन्हैदी से पधारे परम पूज्य आचार्य पंडित लघुकृष्ण महाराज ने भागवत महिमा का विस्तार से वर्णन करते हुए भक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने नारद जी के प्रसंग के माध्यम से बताया कि भक्ति ही जीवन के दुखों और कष्टों से मुक्ति का मार्ग है। आचार्य ने आत्मदेव की कथा का उल्लेख करते हुए कहा कि संतान का चरित्र ही परिवार और कुल की दिशा तय करता है। उन्होंने कहा कि कुपुत्र जीवन को नरक बना देता है, जबकि संस्कारी संतान पूरे परिवार का गौरव बढ़ाती है। उन्होंने प्रवचन में कहा कि माता-पिता को अपनी संतान को केवल संपत्ति नहीं, बल्कि अच्छे संस्कार देने चाहिए। संस्कार ही वह पूंजी है, जिससे संतान स्वयं अपने कुल का उद्धार कर सकती है। उन्होंने कहा कि झूठ और कपट से अर्जित धन तथा ऐसे साधनों से प्राप्त सुख अंततः दुख का कारण बनते हैं। भागवत कथा मनुष्य को सत्य, धर्म और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। यह श्रीमद्भागवत कथा लक्ष्मीचंद पचौरी की ओर से आयोजित कराई जा रही है, जो 21 मई से 28 मई तक चलेगी। कथा शुभारंभ के अवसर पर यज्ञाचार्य आचार्य पंडित वेदप्रकाश वशिष्ठ व आचार्य पंडित यशपाल ने विधिवत पूजन कर भागवत कथा का शुभारंभ कराया। कथा में उपस्थित श्रद्धालुओं ने भावविभोर होकर कथा श्रवण किया। परीक्षित श्रीभगवती जी पूर्व सरपंच की ओर से सभी श्रद्धालुओं को कथा श्रवण के लिए आमंत्रित किया गया है।



## सुमेरपुर में ट्रैफिक व्यवस्था बेपटरी, पुराना पाली बस स्टैंड पर लगा लंबा जाम

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** शहर में लगातार बिगड़ती यातायात व्यवस्था आमजन के लिए बड़ी परेशानी बनती जा रही है। बुधवार शाम करीब 6 बजे पुराना पाली बस स्टैंड क्षेत्र में अचानक भारी जाम लग गया, जिससे सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और लोग काफी देर तक जाम में फंसे रहे। शाम के व्यस्त समय में लगे जाम के कारण दोपहिया और चारपहिया वाहन रेंगते नजर आए। बाजार क्षेत्र में खरीदारी के लिए पहुंचे लोगों, स्कूली बच्चों, नौकरीपेशा कर्मचारियों और राहगीरों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। स्थिति यह रही कि कई लोग वैकल्पिक रास्ते तलाशते नजर आए, लेकिन संकरी सड़कों और अव्यवस्थित यातायात के कारण राहत नहीं मिल सकी। स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर में ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह लचर हो चुकी है। मुख्य बाजारों और चौराहों पर बेतरतीब पार्किंग, सड़क तक फैले अतिक्रमण और आवारा पशुओं की मौजूदगी से हालात लगातार बिगड़ रहे हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग की ओर से कोई स्थायी समाधान नजर नहीं आ रहा। लोगों ने बताया कि पुराना पाली बस स्टैंड क्षेत्र में शाम के समय रोजाना यातायात दबाव बढ़ता है, लेकिन ट्रैफिक नियंत्रण के पर्याप्त इंतजाम नहीं होने से जाम की स्थिति बन जाती है। कई बार एंबुलेंस और जरूरी कार्य से जा रहे लोग भी जाम में फंस जाते हैं। शहरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि प्रमुख चौराहों पर नियमित ट्रैफिक पुलिस तैनात की जाए, अवैध पार्किंग पर कार्रवाई हो तथा अतिक्रमण हटाकर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।



## भीषण गर्मी और लू से बचाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग ने आमजन से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। स्वास्थ्य विभाग ने चेतावनी दी है कि अत्यधिक गर्मी और लू-तापघात के कारण खासकर बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं तथा शुगर और ब्लड प्रेशर के मरीज अधिक प्रभावित हो सकते हैं। डॉ. धर्मसिंह मीणा ने बताया कि जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के निर्देशानुसार जिले के सभी अस्पतालों में मरीजों के लिए शुद्ध पेयजल, ओआरएस, ड्रिप सेट तथा आवश्यक दवाइयों सहित आपातकालीन व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी स्वास्थ्य केंद्रों को अलर्ट मोड पर रहने के लिए कहा गया है। उन्होंने बताया कि शरीर में पानी और लवण की कमी होने पर लू-तापघात की स्थिति बनती है। इसके लक्षणों में तेज सिरदर्द, अत्यधिक प्यास लगना, शरीर में भारीपन और थकावट, जी मिचलाना, चक्कर आना, शरीर का तापमान बढ़ना, पसीना बंद होना, त्वचा का सूख जाना और बेहोशी जैसी समस्याएं शामिल हैं। सीएमएचओ ने बताया कि लू लगने पर व्यक्ति को तुरंत छायादार स्थान पर ले जाकर उसके कपड़े ढीले कर आराम करवाना चाहिए। यदि मरीज होश में हो तो उसे ठंडा पेय पदार्थ, ओआरएस या कच्चे आम का पन्ना देना चाहिए। स्थिति गंभीर होने पर तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाएं या 108 एंबुलेंस सेवा का उपयोग करें। उन्होंने श्रमिकों और मनरेगा कार्यस्थलों पर छाया व पानी की पर्याप्त व्यवस्था रखने के निर्देश भी दिए, ताकि मजदूर समय-समय पर विश्राम कर सकें। स्वास्थ्य विभाग ने आमजन को दोपहर की तेज धूप से बचने, शरीर को पूरी तरह ढककर बाहर निकलने, हल्के रंग के सूती कपड़े पहनने, सिर और गर्दन को गमछे या तौलिये से ढकने तथा छतरी और रंगीन चश्मे का उपयोग करने की सलाह दी है। साथ ही पर्याप्त मात्रा में पानी, नींबू पानी, नारियल पानी और जूस जैसे पेय पदार्थों का सेवन करने की अपील की गई है।



## अधिक मास में गायों के लिए किया दान

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय श्री श्याम सखी मंडल की ओर से अधिक मास में बजरंगी गौशाला में एक क्विंटल तरबूज लाचार बीमार गायों की सेवा के लिए प्रदान किए गए। मंडल की अध्यक्ष कांता शर्मा ने बताया कि धार्मिक, सामाजिक बीमार रोगी के लिए मंडल की तरफ से अनवरत कार्यक्रम किए जाते रहे हैं। इसमें सभी महिलाओं का सहयोग मिलता है। कार्यक्रम में संतोष, दुर्गा, जय श्री, राजू, स्वाति, मेनका सुशीला, सुनीता, प्रभा, चंद्रप्रभा, रंजू, सरोज, मिताली, श्वेता, खुशबू, मंजू, आभा, कविता, कंचन आदि ने गौसेवा की।



# जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलक्टर सख्त, अधिकारियों को दिए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में गुरुवार को डीओआईटी वीसी कक्ष में जिला जन अभियोग निराकरण व सतर्कता समिति की बैठक तथा जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में आमजन की विभिन्न समस्याएं सुनते हुए जिला कलक्टर ने अधिकारियों को परिवादों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला कलक्टर ने कहा कि संपर्क पोर्टल पर लंबित परिवादों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा प्रत्येक शिकायत का गंभीरता से फॉलोअप कर शीघ्र समाधान किया जाए। उन्होंने सभी जिला व उपखंड स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन से प्राप्त शिकायतों पर प्राथमिकता से कार्रवाई करते हुए उसकी सूचना परिवादी को भी उपलब्ध कराई जाए। जनसुनवाई के दौरान भूखंड के पट्टे, रास्तों एवं भूमि से अतिक्रमण हटाने, अवैध कब्जे हटवाने, पीएम किसान सम्मान निधि का भुगतान, जैविक उर्वरक योजना की सब्सिडी, सीमांकन तथा सड़क निर्माण सहित विभिन्न विभागों से जुड़े प्रकरण सामने आए। परिवादी हरिविलास निवासी लीला विहार कॉलोनी ने भूखंड का पट्टा दिलवाने की मांग रखी, जिस पर जिला कलक्टर ने नगर परिषद आयुक्त को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। मांगरौल निवासी स्वरूपी देवी ने पीएम किसान सम्मान निधि का भुगतान नहीं मिलने की शिकायत की, जिस पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। कसाईपाड़ा वार्ड 32 के निवासियों ने पेयजल आपूर्ति की समस्या उठाई, जिस पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता को तत्काल समाधान के निर्देश दिए गए। वहीं अंबेडकर कॉलोनी के लोगों ने अंबेडकर पार्क से प्रकाश कॉलेज तक सड़क निर्माण की मांग रखी, जिस पर सार्वजनिक निर्माण विभाग को कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसके अलावा पूठपुरा में आम रास्ते एवं श्मशान भूमि से अतिक्रमण हटाने, मनरेगा सड़क कार्य पूरा कराने, भू-माफियाओं द्वारा किए गए अतिक्रमण हटवाने, जैविक उर्वरक योजना की सब्सिडी दिलाने, सीमांकन करवाने तथा चंबल गार्डन की बाउंड्री और मरम्मत से जुड़े परिवाद भी प्रस्तुत किए गए। जनसुनवाई में कुल 45 परिवाद प्राप्त हुए। इस दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद एएन सोमनाथ, अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीणा, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद बबलीराम जाट, उपखंड अधिकारी कर्मवीर सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## श्रीमद्भागवत कथा में गूंजे भक्ति और ज्ञान के स्वर

### माता कुंती व हयग्रीव अवतार प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को किया भावविभोर

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** ग्राम अधन्नपुर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। व्यासपीठ से शुकदेव जी के स्वरूप में कथावाचक पूज्य संत बाल ब्रह्मचारी अवधूत लोकेशानंद जी महाराज ने माता कुंती प्रसंग, सृष्टि की उत्पत्ति, भगवान हयग्रीव अवतार तथा मोक्ष, राजधर्म और स्त्री धर्म जैसे विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कथा सुन श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथाव्यास ने माता कुंती प्रसंग की व्याख्या करते हुए बताया कि महाभारत युद्ध के बाद माता कुंती ने भगवान श्रीकृष्ण से सुख नहीं बल्कि सदैव विपत्ति में रहने का वरदान मांगा था। उन्होंने कहा कि वैभव और सुख में मनुष्य अक्सर भगवान को भूल जाता है, जबकि दुख और विपत्ति में ईश्वर का स्मरण बना रहता है। यदि दुख के माध्यम से प्रभु का सान्निध्य प्राप्त हो तो वह करोड़ों सुखों से भी श्रेष्ठ है।

सृष्टि की उत्पत्ति के प्रसंग में महाराज श्री ने ब्रह्मांड की रचना की वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक व्याख्या प्रस्तुत करते हुए कहा कि सनातन संस्कृति का सृष्टि सिद्धांत पूर्णतः वैज्ञानिक है। वहीं भगवान हयग्रीव अवतार का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि जब असुर हयग्रीव ने वेदों को चुराकर समुद्र में छिपा दिया था, तब संसार में अज्ञान फैल गया। उस समय भगवान विष्णु ने हयग्रीव अवतार लेकर असुर का संहार किया और वेदों की पुनः स्थापना की। यह प्रसंग ज्ञान की महत्ता और उसकी रक्षा के संदेश को दर्शाता है।



कथाव्यास ने कहा कि सच्चा मोक्ष मृत्यु के बाद नहीं, बल्कि जीवित रहते हुए मोह-माया और अहंकार से मुक्त होने में है। भीष्म पितामह और धर्मराज युधिष्ठिर के संवाद का उल्लेख करते हुए उन्होंने राजधर्म की व्याख्या की और कहा कि किसी भी शासक का पहला कर्तव्य जनता को भयमुक्त वातावरण देना होता है।

स्त्री धर्म पर चर्चा करते हुए उन्होंने माता देवहूति और सती अनसूया के चरित्र का वर्णन कर नारी शक्ति की महिमा बताई। उन्होंने कहा कि संस्कारी नारी पूरे परिवार को वैकुंठ बना सकती है। राजा बलि और राजा रंतिदेव के प्रसंगों के माध्यम से दान और सेवा की महत्ता भी समझाई गई।

कथा में परीक्षित सोबरन सिंह अरेला एवं भगवंत प्रसाद अरेला सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भागवत जी की महाआरती में भाग लिया। कथा पंडाल भगवान के जयकारों से गूंज उठा। अंत में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।

## भक्ति रस में डूबे श्रद्धालु, कलश यात्रा से गूंजा जसूपुरा गांव

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजाखेड़ा उपखंड के जसूपुरा गांव में आयोजित सप्ताहभर चलने वाली संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का गुरुवार को भव्य शुभारंभ हुआ। कथा आरंभ से पूर्व महिलाओं ने सिर पर आकर्षक कलश धारण कर बैंड-बाजों और भक्ति गीतों के साथ गांव में शोभायात्रा निकाली। श्रद्धालु नाचते-गाते और जयकारे लगाते हुए पूरे गांव की परिक्रमा करते नजर आए। कथा के प्रथम दिन कथावाचक पंडित प्रताप नारायण शास्त्री ने श्रीमद्भागवत के प्रथम श्लोक से कथा का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि भागवत को समझना भगवान श्रीकृष्ण को समझने के समान है। भागवत महापुराण केवल कथा नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाने वाला दिव्य ग्रंथ है। कथाव्यास ने कहा कि जब मनुष्य के पुण्य जागृत होते हैं, तभी उसे भागवत कथा श्रवण का सौभाग्य प्राप्त होता है। श्रीमद्भागवत कथा अमृत के समान है, जिसका श्रवण करने से पापों का नाश होता है और आत्मा का कल्याण होता है। उन्होंने राजा परीक्षित और शुकदेव जी महाराज के प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि सात दिनों तक भागवत श्रवण से राजा परीक्षित को मोक्ष की प्राप्ति हुई थी। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिस प्रकार विद्यालय व्यक्ति को रोजगार और जीवनयापन का ज्ञान देता है, उसी प्रकार भागवत कथा मनुष्य को जीवन जीने की सही दिशा दिखाती है। कथा पंडाल को उन्होंने 'आध्यात्मिक विद्यालय' बताते हुए कहा कि यहां व्यक्ति को संस्कार, भक्ति और सद्कर्मों की सीख मिलती है। कथाव्यास ने कलियुग में भागवत कथा की महत्ता बताते हुए कहा कि आज का मनुष्य अपने कल्याण के मार्ग से भटक चुका है। ऐसे समय में भागवत कथा ही मनुष्य को धर्म, भक्ति और वैराग्य की राह दिखाती है। उन्होंने कहा कि मनुष्य इस संसार से केवल अपने कर्म साथ लेकर जाता है, इसलिए अच्छे कर्म करना ही सच्चा धर्म है। उन्होंने कहा कि सच्चा हिंदू वही है जो भगवान श्रीकृष्ण, गीता, गुरु और माता-पिता की बातों को सुनने के साथ जीवन में अपनाए भी। जब मनुष्य श्रेष्ठ कर्म करता है तो संसार की कोई भी परिस्थिति उसे विचलित नहीं कर सकती। कथा के दौरान पूरा पंडाल भक्ति रस में डूबा नजर आया। इस अवसर पर परीक्षित रामखिलाड़ी शर्मा, मनोरमा शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## आधुनिक तकनीक और ऑर्गेनिक खेती अपनाएं किसान: कैलाश चौधरी

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** कैलाश चौधरी ने किसानों से आधुनिक बीजों और तकनीकी खेती के साथ ऑर्गेनिक खेती अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसान पारंपरिक खेती के साथ नई तकनीकों का उपयोग कर अपनी आय बढ़ा सकते हैं और फसलों का व्यापारिक उपयोग कर स्वरोजगार के नए अवसर भी विकसित कर सकते हैं। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में गुरुवार को किसान मोर्चा संगठन कार्यकर्ता बैठक आयोजित हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कंसाना उर्फ मंगें ने की। मुख्य अतिथि कैलाश चौधरी ने केंद्र और राज्य सरकार की किसान हितैषी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना एवं प्रधानमंत्री किसान सिंचाई योजना की जानकारी दी। उन्होंने किसानों को फसलों से तैयार होने वाले उत्पादों का व्यापारिक उपयोग कर बाजार से सीधा जुड़ने की सलाह भी दी। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर ने स्वागत भाषण दिया, जबकि मंच संचालन मजन सिंह जादौन ने किया। प्रदेश महामंत्री ओपी यादव ने किसानों की आय बढ़ाने संबंधी योजनाओं की जानकारी दी। पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा ने कार्यकर्ताओं से सरकार की योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने का आह्वान किया। प्रदेश कार्यालय मंत्री सत्येंद्र त्यागी ने युवाओं से संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने की बात कही। बैठक में भाजपा और किसान मोर्चा के कई वरिष्ठ नेताओं व पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में नीरजा शर्मा, गिर्राज सिंह मलिंगा, शिवचरण कुशवाहा, पूर्व मंत्री जगमोहन बघेल, पूर्व विधायक सुखराम सिंह कोली, रानी कोली, राज बहादुर मीणा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व किसान उपस्थित रहे।



## भीषण गर्मी में पशु-पक्षियों के लिए लगाए परिंडे, ग्राम विकास परिषद ने शुरू किया सेवा अभियान

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान के बीच उपखंड राजाखेड़ा के गांव मांगरोल में ग्राम विकास परिषद टीम द्वारा पशु-पक्षियों के लिए राहत अभियान चलाया जा रहा है। टीम ने राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर परिसर में पक्षियों के लिए परिंडे लगाए तथा पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था शुरू की। ग्राम विकास परिषद सामाजिक समरसता, शिक्षा, स्वच्छता, वृक्षारोपण और जनसेवा जैसे कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रही है। संगठन की ओर से पंचायत क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर पशुओं के लिए पानी के कुंडे रखवाए जा रहे हैं तथा आमजन के लिए भी स्थानीय स्तर पर पेयजल व्यवस्था की जा रही है। टीम का नेतृत्व कर रहे शिक्षाविद रामनरेश पचौरी ने बताया कि संस्था जरूरतमंद परिवारों के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए पाठ्य पुस्तकें, फीस और अन्य शैक्षणिक सहायता उपलब्ध कराती है। इसके अलावा गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह में भी सहयोग किया जाता है। औषधालय प्रभारी डॉ. राजवीर शर्मा ने बताया कि 'परिंडा अभियान' की शुरुआत मलमास के प्रथम दिन 17 मई को मनियां थाना प्रभारी नीरज शर्मा के मुख्य आतिथ्य में की गई थी। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के इस दौर में पशु-पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करना अत्यंत पुण्य का कार्य है। उन्होंने इस जनहितकारी पहल के लिए पूरी टीम की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान औषधालय स्टाफ, एएनएम, आशा सहयोगिनी, सीएचओ विनोद कुशवाह, गिर्राज पचौरी, हरिशंकर कुशवाह, सुंदर सिंह कुशवाह, रोहित दिवाकर, सौरभ कुशवाह सहित कई लोग मौजूद रहे।



## भामाशाहों के सहयोग से संवरा मोहब्बतपुरा मोक्षधाम, पानी-टीनशेड सहित हुए विकास कार्य

**जयपुर टाइम्स/सांगानेर(निस)।** रेनवाल मांजी क्षेत्र के मोहब्बतपुरा गांव स्थित मोक्षधाम (श्मशान घाट) में भामाशाहों के सहयोग से विभिन्न विकास कार्य करवाए गए हैं। करीब 2.70 लाख रुपए की लागत से हुए इन कार्यों से ग्रामीणों को अंतिम संस्कार के दौरान बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। भामाशाह शंकरलाल सैन ने लगभग 80 हजार रुपए की लागत से पानी की टंकी लगवाई। वहीं बड़ोलिया प्रजापत परिवार ने करीब 1.50 लाख रुपए खर्च कर टीनशेड का निर्माण करवाया। इसके अलावा डॉ. रामावतार प्रजापत ने पानी की लाइन डलवाने के साथ मोक्षधाम की चारदीवारी क्षेत्र में करीब 40 हजार रुपए की लागत से तारबंदी करवाई तथा साफ-सफाई की व्यवस्था भी सुनिश्चित करवाई। ग्रामीणों ने बताया कि तारबंदी होने से मोक्षधाम अब सुरक्षित हो गया है। वहीं पानी और छाया की व्यवस्था होने से गर्मी एवं बरसात के मौसम में लोगों को काफी राहत मिलेगी। इस अवसर पर डॉ. रामावतार प्रजापत, गोपाल कोरवाल, मंगल लाम्बा, रामजीवन लाम्बा, रामजीलाल गुर्जर, किशोर बैरवा, हरि जांगिड़, नाथु लाम्बा, सीताराम कोरवाल, रामसहाय लाम्बा, कैलाश सैन, कैलाश जांगिड़, गिर्राज सिंह तथा राजस्थान पुलिस में कार्यरत शंकरलाल सैन कछावा सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## ऑपरेशन एंटी वेनम 3.0 के तहत बड़ी कार्रवाई, 724 ट्रामाडोल कैप्सूल के साथ तस्कर गिरफ्तार

**जयपुर टाइम्स/अमरसर(निस)।** जयपुर ग्रामीण पुलिस की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन एंटी वेनम 3.0 के तहत अमरसर थाना पुलिस ने नशे के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 724 अवैध नशीले ट्रामाडोल कैप्सूल बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण हनुमान प्रसाद ने बताया कि जयपुर रेंज के आईजी राहुल प्रकाश के निर्देश पर जिलेभर में नशा तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शाहपुरा रणवीर सिंह व वृत्ताधिकारी रामावतार के सुपरविजन में थाना प्रभारी कमल सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई। 20 मई को मुखबिर से सूचना मिली कि अमरसर बस स्टैंड पर बैठा एक युवक अवैध नशीले कैप्सूल की सप्लाई करता है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संदिग्ध विकास कुमार रूंडला निवासी लाखालड़ी जोड़ी टोल प्लाजा के पास, थाना अजीतगढ़ जिला सीकर को हिरासत में लेकर तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके पास से 724 ट्रामाडोल कैप्सूल बरामद हुए। आरोपी इनके संबंध में कोई वैध लाइसेंस या दस्तावेज पेश नहीं कर सका। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह जयपुर से नशीले कैप्सूल लाकर आसपास के क्षेत्रों में सप्लाई करता था और स्वयं भी नशा करता है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 व 8/22 के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी पहले भी नशीले ट्रामाडोल कैप्सूल मामले में गिरफ्तार हो चुका है।

# निजी अस्पतालों पर स्वास्थ्य विभाग सख्त, संयुक्त टीमें करेंगी औचक निरीक्षण

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में निजी अस्पतालों और नर्सिंग होम की स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। गुरुवार को डॉ. धर्म सिंह मीणा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में निजी अस्पताल संचालकों और चिकित्सकों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। बैठक में सीएमएचओ ने निर्देशित किया कि सभी निजी अस्पतालों के बाहर संचालक व चिकित्सक का फोटो, नाम और रजिस्ट्रेशन नंबर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया जाए, ताकि मरीजों और उनके परिजनों को सही जानकारी मिल सके। साथ ही प्रत्येक निजी चिकित्सालय में 24 घंटे योग्य चिकित्सक की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।



उन्होंने गंभीर मरीजों को समय पर उच्च चिकित्सा संस्थानों में रेफर करने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि उपचार में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिला कलक्टर के निर्देशानुसार प्रशासन, चिकित्सा विभाग और पुलिस की संयुक्त टीमें आगामी दिनों में जिलेभर के निजी अस्पतालों और नर्सिंग होम का औचक निरीक्षण करेंगी तथा वहां उपलब्ध सुविधाओं और व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग की जाएगी। बैठक में वित्तीय पारदर्शिता पर भी जोर दिया गया। सीएमएचओ ने निर्देश दिए कि भविष्य में किसी भी डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ या बायोमेडिकल वेस्ट वेंडर को नकद भुगतान नहीं किया जाएगा। सभी भुगतान केवल ऑनलाइन माध्यम से करने होंगे।

इसके अलावा निजी अस्पतालों में ऑपरेशन से जन्म लेने वाले प्रत्येक नवजात की सूचना संबंधित चिकित्सक के नाम सहित चिकित्सा विभाग के व्हाट्सएप ग्रुप पर साझा करना अनिवार्य किया गया है। डॉ. मीणा ने स्पष्ट किया कि जिले में केवल राजस्थान मेडिकल काउंसिल में पंजीकृत चिकित्सकों को ही चिकित्सकीय कार्य करने की अनुमति होगी। जिन निजी अस्पतालों में अन्य राज्यों में पंजीकृत चिकित्सक अनुबंधित पाए गए हैं, उनके पंजीकरण निलंबित कर दिए गए हैं। ऐसे चिकित्सकों को पांच दिनों के भीतर राजस्थान मेडिकल काउंसिल में पंजीकरण के लिए आवेदन करने के निर्देश दिए गए हैं, अन्यथा संबंधित अस्पतालों के पंजीकरण निरस्त किए जा सकते हैं। बैठक में एपिडेमियोलॉजिस्ट अखिलेश गर्ग ने क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के प्रावधानों की जानकारी दी। इस दौरान निजी अस्पताल संचालक, चिकित्सक व विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## राजलदेसर अस्पताल में मरीजों को फल वितरित



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धर्मवीर पुजारी की ओर से गुरुवार को राजलदेसर के राजकीय अस्पताल में सेवा कार्य आयोजित किया गया। इस दौरान भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम जानी तथा उन्हें ताजे फल वितरित किए। साथ ही मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई। सेवा कार्य के दौरान भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष शिखा बैद, वरिष्ठ भाजपा नेता मांगीलाल प्रजापत, कमल डागा, सुरेंद्र टाक, सामाजिक कार्यकर्ता कालूराम तंवर एवं पड़िहारा मंडल प्रभारी मदन दाधीच मौजूद रहे। इसके अलावा गौरव, विशाल, असलम नागोरी, दीनदयाल कटारिया और रामोतार पांडे सहित कई कार्यकर्ताओं ने भी चिकित्सालय परिसर में मरीजों की सेवा की।

## डॉ. अरुण गर्ग की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनसुनवाई



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान जिलेभर से पहुंचे परिवादियों ने बिजली, पानी, सड़क, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा व अन्य विभागों से संबंधित समस्याएं जिला कलेक्टर के समक्ष रखीं। जिला कलेक्टर ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान राज्य सरकार की प्राथमिकता है तथा सभी अधिकारी संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। जिला स्तरीय जनसुनवाई में एसीईओ रामनिवास, एएसपी देवेंद्र सिंह सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी व वीसी के माध्यम से ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## बसंत मित्तल का लक्ष्मणगढ़ में जोरदार स्वागत



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय कार्यकारिणी चुनाव में निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष बसंत मित्तल ने शेखावाटी क्षेत्र का दौरा कर सालासर धाम, जीण माता व खाटूश्याम जी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। दिल्ली स्थित ली मेरेडियन होटल में 18 मई को आयोजित शपथ ग्रहण समारोह के बाद प्रथम बार क्षेत्र में पहुंचने पर पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री दीपक जाजोदिया की अगुवाई में उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर मित्तल ने कहा कि विश्वभर में अग्रवाल समाज को संगठित करना और समाज के चहुंमुखी विकास के लिए कार्य करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने समाज में एकता, शिक्षा व सेवा कार्यों को बढ़ावा देने की बात कही। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष जयप्रकाश सरावगी, चूरू जिलाध्यक्ष कैलाश चौधरी व रींगस अग्रवाल समाज अध्यक्ष राजकुमार काबरा सहित अनेक समाजजन मौजूद रहे। सभी ने सालासर बालाजी का प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद मित्तल ने परिवार सहित मां जीण भवानी व खाटूश्याम जी में धोक लगाकर परिवार व समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। इससे पूर्व उन्होंने अग्रोहा धाम पहुंचकर कुल प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन व कुलदेवी माता महालक्ष्मी के चरणों में प्रार्थना कर समाज की उन्नति और खुशहाली की मंगलकामना की।

## रोड़ लाईट्स को चालू करवाने की मांग

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** नगरपरिषद आयुक्त के नाम एक ज्ञापन सहायक अभियंता को कॉमरेड जगदीश नाथ की ओर से सौंपा गया है। ज्ञापन में सुजानगढ के वार्ड 5 में तीन दिन से बन्द पड़ी रोड लाईट्स को चालू करवाने की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया है कि मौहल्ला दीप बाल मंदिर वाली स्कूल के आस-पास की गलियों में पिछले तीन चार दिनों से रोड़ लाईट्स नहीं चल रही हैं और रात में अंधेरा होने के कारण राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही अंधेरा होने से घरों में चोरियों का अंदेशा बना रहता है। अतः सभी रोड़ लाईट्स को चालू रखा जाए। वहीं अनेक वार्डों में दिन में ही रोड़ लाईट्स जलने की जानकारी ज्ञापन में दी गई है। विद्युत रोड़ लाईट ठेका योग्य ठेकेदारों को दिए जाने व लापरवाही पर भुगतान रोके जाने का अनुरोध भी किया गया है।

# राजेंद्र भांबू के भाई के निधन पर शोकसभा में पहुंचे प्रभारी मंत्री

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू के भाई जोगेंद्र भांबू के निधन पर आयोजित शोकसभा में जिले के प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत गुरुवार को भांबू के पैतृक गांव नरनौद पहुंचे। वहां उन्होंने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा परिजनों को ढांढस बंधाया। शोकसभा में कई जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। इस दौरान पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, संसदीय कार्य एवं न्याय विभाग मंत्री जोगाराम पटेल, नवलगढ़ विधायक विक्रम जाखल, सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार, नोखा विधायक सुशीला डूडी, विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड के अध्यक्ष रामगोपाल सुथार, पूर्व आरटीडीसी चेयरमैन रणदीप धनखड़, पूर्व कृषि मंत्री लालचंद



कटारिया, पूर्व प्रधान कैलाश मेघवाल, सहित अन्य लोगों ने भी शोक व्यक्त किया। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए परिवार को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की बात कही।

**सीएम, डिप्टी सीएम व राजे ने किया ट्वीट किया:**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी फोन पर शोक संवेदनाएं व्यक्त कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इनके अलावा सीएम शर्मा, पूर्व सीएम राजे, डिप्टी सीएम दिया कुमारी व डॉ. बैरवा ने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट करके भी शोक जताया है।

### जनप्रतिनिधियो ने दी संवेदनाः

*इससे पहले बुधवार को भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी नारनोद पहुंचे और विधायक राजेंद्र भांबू से मुलाकात कर गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इनके अलावा पूर्व प्रतिपक्ष नेता राजेंद्र राठौड़, चौमूं विधायक शिखा मील बराला, पिलानी विधायक पितराम काला, डीडवाना विधायक व पूर्व मंत्री युनूस खान, धोद विधायक गोवर्धन वर्मा, पूर्व विधायक डॉ. मूलसिंह शेखावत, पूर्व सांसद नरेंद्र कुमार, पूर्व सांसद सीकर स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, भाजपा की पूर्व प्रदेश मंत्री मधु कुमावत, सीकर भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष व प्रधान संघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सुंडा, भाजपा जिलाध्यक्ष व निवर्तमान जिला प्रमुख हर्षिनी कुलहरि, भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री राजेश दहिया, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा बगड़, पूर्व सरपंच नीतिराजसिंह शेखावत, विजेंद्र हटवाल, ओम सारस्वत, जिला कलेक्टर अरुण गर्ग सहित जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।*

## मानासी चौक सहित शहर के विकास कार्यों को मिली रफ्तार

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने महरिया व जोशी का जताया आभार

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** नगरपालिका क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने की दिशा में नगरपालिका प्रशासन ने विभिन्न कार्यों के टेंडर जारी किए हैं। बारिश के मौसम से पहले एक साथ बड़ी संख्या में विकास कार्यों की निविदाएं जारी होने से कस्बेवासियों में खुशी का माहौल है। लोगों ने इन कार्यों के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया तथा भाजपा नेता दिनेश जोशी का आभार जताया है। जारी निविदाओं में मानासी चौक पर पेवर्स ब्लॉक व नाला निर्माण, वार्ड संख्या 1 से 22 तक सीसी सड़क मरम्मत, विभिन्न स्थानों पर नाला एवं क्रॉस मरम्मत, वार्ड 23 से 45 तक सड़क व नाला मरम्मत कार्य, बरसाती पानी निकासी के लिए पाइपलाइन बिछाने, सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालयों की साफ-सफाई व्यवस्था, स्टेडियम रखरखाव तथा विद्युत मरम्मत सहित कई महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं।नगरपालिका की ओर से शुरू किए जा रहे इन विकास कार्यों से शहर की आधारभूत सुविधाओं में सुधार होने के साथ आमजन को राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। लंबे समय से लंबित समस्याओं के समाधान की दिशा में इसे महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। विकास कार्यों के टेंडर जारी होने पर





भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह दिखाई दिया। भाजपा नेता महावीर मातवा सहित कार्यकर्ताओं ने कहा कि सुभाष महरिया व दिनेश जोशी के प्रयासों और मार्गदर्शन से लक्ष्मणगढ़ क्षेत्र में विकास कार्यों को निरंतर गति मिल रही है।

## पीएचसी भवन के लिए वितीय व प्रशासनिक स्वीकृति की मांग

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** जिला परिषद सदस्य नौरंग सिलू के नेतृत्व में लोढ़सर के ग्रामीणों ने एक ज्ञापन पर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ का सौंपा है। ज्ञापन में ग्राम लोढसर के लिए स्वीकृत पीएचसी भवन के लिए प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति दिलवाने की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया है कि गांव के लिए वर्ष 2023-2024 में पीएचसी भवन स्वीकृत किया गया था, किन्तु आज तक उक्त भवन के लिए प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति जारी नहीं होने के कारण निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं हो पाया है। जबकि लोडसर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की बड़ी आबादी प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए इस पीएचसी पर निर्भर है। भवन नहीं होने के कारण ग्रामीणों को उपचार के लिए दूर-दराज जाना पड़ता है। जबकि गांव से एन एच 58 भी निकलता है। साथ ही ग्राम पंचायत लोडसर की ओर से पीएचसी भवन निर्माण के लिए 1498.36 वर्ग गज भूमि का पट्टा भी जारी किया जा चुका है, जिससे भवन निर्माण के लिए आवश्यक भूमि उपलब्ध है। अतः आमजन के हितों को मध्य नजर रखते हुए पीएचसी भवन के लिए शीघ्र प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति जारी करवाने की मांग की गई है।

## धरना रहा 19 वें दिन भी जारी

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** नगरपरिषद कार्यालय के बाहर चल रहा धरना लगातार 19 वें दिन गुरूवार को भी जारी रहा। धरने पर तरूण सियोता, शंकर, इकबाल खान कायमखानी, समीत मंडित, गजानंद सियोता, सुनील मेघवाल, जगदीश नाथ, भवानी सिंह, अजीत सिंह, राजकुमार, फारूक भूट्टा, भंवरलाल, जगदीश प्रसाद, सोहिल गोपालपुरिया, सेवाराम, दीपक धवल आदि ने शिरकत की। गांधी चौक स्थित पार्क में महापुरूषों की मूर्तियां लगाए जाने की मांग को लेकर धरना दिया जा रहा है।

## श्री विश्वकर्मा चौक व मूर्ति अनावरण समारोह आयोजित

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के बीकानेर रोड पर नवनिर्मित भव्य श्री विश्वकर्मा चौक व मूर्ति अनावरण समारोह संत श्री दया नाथ जी महाराज के सान्निध्य एवं उपखंड अधिकारी रामकुमार वर्मा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। ऋषिकुल ब्रह्मचर्य आश्रम के विप्र बटुकों की ओर से प्रस्तुत वैदिक ऋचाओं के साथ भगवान श्री विश्वकर्मा की मूर्ति का अनावरण किया गया। इस कार्यक्रम में समग्र कामगार समाज के बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में महावीर प्रसाद माली, शोभा कांत स्वामी, बनवारी लाल जांगिड़, ओमप्रकाश मेघवाल, राजकरण सोनी, शंकरलाल पापटान, मोहनलाल



जांगिड़, आर्टिस्ट सोहनलाल जांगिड़, जगदीश प्रसाद धन्नावंशी, धनराज सेन, कुलदीप दानोदिया, सुरेंद्र कुमार जांगिड़, शांतिलाल सुथार, दयाराम सुथार, शुभकरण जांगिड़, नीरज रोलीवाल, अशोक कुमार मेहरा, गंगाराम सुथार, मनोज कुमार दर्जी, रामचंद्र जांगिड़, राजकुमार जांगिड़, रमेश कुमार जांगिड़ सहित अनेक व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम आयोजन समिति की ओर से बहादुर मल जांगिड़ ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम संचालन सम्पत राम जांगिड़ ने किया।

### नाम परिवर्तन

मैने अपना नाम सुशीला से बदल कर सुशीला जाट रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नए नाम सुशीला जाट के नाम से जाना, पहचाना व पुकारा जावे।

**सुशीला जाट पत्नी पवन कुमार गुलेरिया, सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान**

### कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सा.नि.वि खण्ड राजगढ़ (चूरू)

क्रमांकः 206-13 दिनांक :- 11.05.2026

**ई - निविदा सूचना संख्या : 03 / 2026-27**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तहसील राजगढ जिला चूरु में निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई- टेन्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। आर. पी डब्लयू. ए 100 की शर्त लागू होगी। निविदा संबंधित विवरण बेबसाईट एंव http// dipr.rajasthan.gov.in/tendrs.asp विभागीय वेबसाईट http// eproc. rajasthan.gov.in http//www.pwd.rajajasthan.gov.in तथा http// sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है ।

PWD2627A0577

| W.No. | UBN No. |
|---|---|
| 1 | PWD2627WSOB02648 |
| 2 | PWD2627WSOB02650 |
| 3 | PWD2627WSOB02652 |

DIPR/C/8886/2026

**अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि खण्ड राजगढ़ (चूरू)**

### Court Notice

**HIGH COURT OF PUNJAB AND HARYANA AT CHANDIGARH**

CRM-9526-2026 in/and CRM-M-40787-2017
Date of Hearing: 07.10.2026

Prem Singh — Petitioner
Vs.
Shakuntla Rani and another — Respondents

Petition under section 482 of Cr.P.C.

**Notice to:**

**Respondent No. 1**: Shakuntla Rani w/o late R.K. Shahi r/o H.No. 3070, Sector 40-D, Chandigarh.

**Respondent No. 2:** Ranjana Shahi D/o late R.K. Shahi r/o H.No. 3070, Sector 40-D, Chandigarh.

In the above titled case, the respondent(s) could not be served in ordinary process. It is ordered that the respondent should serve through publication for 07.10.2026.

**Superintendent
For Registrar (Judicial)
Punjab and Haryana High Court
Chandigarh.**

## राजपूत समाज का सालासर में दो दिवसीय शिविर कल से

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** सालासर स्थित अग्रवाल एवं हिसार सेवा सदन में 23 व 24 मई को आयोजित होने वाले दो दिवसीय श्री राजपूत राजनैतिक पुनरुत्थान शिविर को लेकर श्री करणी राजपूत छात्रावास में प्रेसवार्ता आयोजित की गई। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए राजपूत महासभा के तहसील अध्यक्ष विक्रम सिंह बिल्यू ने बताया कि इंजीनियर महावीर सिंह शेखावत झाझड़ के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाना तथा युवाओं में नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। शिविर में समाज के राजनीतिक व सामाजिक उत्थान से जुड़े विभिन्न विषयों पर मंथन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चुनाव लड़ चुके जनप्रतिनिधियों व आम नागरिकों को वर्तमान राजनीतिक व्यवस्था, संगठनात्मक मजबूती और जनसंपर्क से जुड़े विषयों का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। शिविर के दौरान ईडब्ल्यूएस आरक्षण से जुड़ी विसंगतियों पर चर्चा होगी तथा पंचायत व शहरी निकाय चुनावों में आरक्षण लागू करने की मांग



को भी प्रमुखता से उठाया जाएगा।

इस अवसर पर राजेंद्र सिंह छाजूसर ने कहा कि यह किसी राजनीतिक दल के विरोध का मंच नहीं है बल्कि समाज के राजनीतिक पुनरुत्थान व सामाजिक सहभागिता को मजबूत करने की सकारात्मक पहल है। प्रेसवार्ता में तहसील क्षेत्र से अधिक से अधिक राजपूत समाज के लोगों से शिविर में भाग लेने की अपील की गई। इस अवसर पर मुलायमसिंह मीतासर, नरपत सिंह मांगासर, सुल्तान सिंह आसूसर, पप्पू सिंह बादड़ियां, नरपाल सिंह रणसीसर, अनोप सिंह शिमला सहित अनेक लोग मौजूद रहे। शिविर में भाग लेने वाले प्रतिभागियों से विक्रम सिंह बिल्यू के माध्यम से पंजीयन करवाने का आग्रह किया गया है।

# *सफाई का फीडबैक देने वाले शहरवासियों को मिलेगा कैश इनाम*

### स्वच्छता चैंपियन का खिताब देंगे

### टीम घर-घर जाकर भरवा रही है फार्म

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** झुंझुनूं शहर को सफाई में मॉडल बनाने और स्वच्छता रैंकिंग में टॉप पर लाने के लिए कवायद शुरू हो चुकी है। नगर परिषद की ओर से शहर में घर-घर जाकर और सार्जनिक स्थानों पर सिटीजन फीडबैक लिया जा रहा है।

इतना ही नहीं नगर परिषद ने फीडबैक देने वालों को कैश रुपए इनाम में देने की भी घोषणा की है। इसके साथ ही विजेता को स्वच्छता चैंपियन का भी खिताब दिया जाएगा। शहरवासी खुद भी ऑनलाइन माध्यम से अपना फीडबैक दर्ज करवा सकते हैं।

**फीडबैक के लिए आएगा ओटीपी, ऐसे होगा प्रोसेसः**




आयुक्त देवीलाल बोचल्या ने बताया कि फीडबैक की प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और सटीक बनाने के लिए इस बार मोबाइल पर आने वाला ओटीपी अनिवार्य कर दिया गया है। जब कोई व्यक्ति अपना फीडबैक फॉर्म भर देगा, तो उसके मोबाइल पर एक ओटीपी आएगा। इसे पोर्टल पर दर्ज करने के बाद ही फॉर्म फाइनल सबमिट माना जाएगा।

**ऑनलाइन फीडबैक देने के 5 आसान स्टेप्सः**

सबसे पहले अपने मोबाइल या कंप्यूटर के गूगल ब्राउजर में 'Swachh Survekshan Urban Citizen feedback' सर्च करें।

इसके बाद आधिकारिक लिंक पर क्लिक करके 'Get Started' के विकल्प पर जाएं।

वहां अपना मोबाइल नंबर दर्ज करें।

इसके बाद आपके मोबाइल पर एक ओटीपी मिलेगा।

इस ओटीपी को यूजर खुद पोर्टल पर दर्ज कर सकते है। या फिर मौके पर मौजूद नगर परिषद की टीम के साथ साझा करके अपना फीडबैक सबमिट करवा सकते हैं।

नगर परिषद आयुक्त देवलाल बोचल्या ने बताया कि ज्यादादा से ज्यादा शहरवासियों को इस मुहिम में जोड़ा जा रहा है।

**सार्वजनिक स्थलों पर भी एक्टिव हैं टीमें**

एसबीएम एमआईएस इंजीनियर मुकेश पालीवाल और WeVois के आईईसी एक्सपर्ट कपिल गुप्ता के मार्गदर्शन में टीमें शहर के मुख्य और व्यस्त इलाकों में सक्रिय हैं। जगहों पर घूम-घूमकर नागरिकों से मौके पर ही फीडबैक फॉर्म भरवाए जा रहे हैं। आयुक्त ने बताया कि शहरवासियों को भी इस मुहिम में जोड़ा गया है। कैश इनाम वाली योजना इन्हीं के लिए है। आयुक्त ने बताया कि जो भी जागरूक नागरिक अपने परिवार, मित्रों और आस-पड़ोस के अधिकतम लोगों का फीडबैक सफलतापूर्वक दर्ज करवाएगा, उसे नगर परिषद द्वारा 'स्वच्छता चैंपियन' के रूप में सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही विजेता को आकर्षक नकद पुरस्कार राशि भी प्रदान की जाएगी।

### नाम परिवर्तन सूचना

मेरा पुराना नाम सुन्दरी कुमारी है। अब मैंने मेरा नया नाम संध्या कुमारी रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम संध्या कुमारी के नाम से जाना व पहचाना जावे।

**संध्या कुमारी पत्नी श्री हरदीप कुमार, जाति प्रजापत, निवासी वार्ड नंबर 31 ओम कॉलोनी चूरू, जिला व तहसील चूरू (राजस्थान)**

### नाम परिवर्तन सूचना

मेरा पासपोर्ट नम्बर X5037783 है जिसमे मेरा नाम मुकेश (MUKESH) अंकित हैं जिसको मैने बदलकर मेरा नाम मुकेश सैनी (MUKESH SAINI) रख लिया है। मुझे भविष्य मे मुकेश (MUKESH) की जगह मुकेश सैनी (MUKESH SAINI) के नाम से जाना व पहचाना जावे।

**मुकेश सैनी पुत्र परमेश्वर जाति माली, निवासी भगवान दास का कुआं वार्ड नंबर 47 चूरू, जिला व तहसील चूरू (राज.)**

## सीसी रोड में घटिया सामग्री के इस्तेमाल पर विधायक ने लगाई अधिकारी व ठेकेदार को फटकार

### नए सिरे से सड़क निर्माण के दिए आदेश



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** नगरपालिका के वार्ड संख्या 19 (रावला चौक) में बन रहे सीसी रोड निर्माण में ठेकेदार की ओर से बरती जा रही अनियमितताओं व निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल की शिकायत पर विधायक गोपाल खंडेलवाल ने मौके पर पहुंच कर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शिकायत सही पाए जाने पर विधायक खंडेलवाल ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए नगरपालिका अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल और संबंधित ठेकेदार को मौके पर तलब कर दोनों को फटकार लगाई। विधायक ने दो टूक शब्दों में कहा कि जनता के पैसे का दुरुपयोग और विकास कार्यों में भ्रष्टाचार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विधायक ने अधिशासी अधिकारी पंकज मंगल को घटिया सामग्री से बनी उक्त सीसी रोड को तुरंत खोदकर हटाने और पूरी तरह से गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए नए सिरे से पुनः निर्माण के लिए कहा।विधायक ने ठेकेदार को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में ऐसी लापरवाही सामने आने पर फर्म को ब्लैकलिस्ट करने और कानूनी कार्रवाई करने की अनुशंसा की जाएगी।

## पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी




जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** जिला कांग्रेस कमेटी जालौर की ओर से गुरुवार सुबह 11 बजे पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न राजीव गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर राजीव गांधी भवन में श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुमावत ने बताया कि कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके योगदान को याद किया। साथ ही उनके बताए गए आदर्श व सिद्धान्तों पर चलने का संकल्प लिया। राजीव गांधी की ओर से देश में आधुनिक तकनीक, पंचायती राज व युवा सशक्तिकरण के क्षेत्र में किए गए महत्वपूर्ण कार्यों को याद किया गया। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव नैन सिंह राजपुरोहित, लाल सिंह धानपुर, संगठन महासचिव वीरेंद्र जोशी, जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत, रमेश सोलंकी, जुल्फिकार अली भुट्टो, नगराध्यक्ष मुमताज अली, मदनलाल दहिया, जिला सचिव दीपाराम मेघवाल ओटवाला, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष जाकिर खान, सोशल मीडिया महेंद्र सोनगरा, कृष्ण कुमार वनिका, अशोक परिहार, अमीन मोयला, इकबाल खान, अनिल पंडत, पुखराज माली, रज्जब मोयला, अयूब खान सागाना, राजेश जैन, रज्जब खोखर कपुराराम परिहार, फकरुद्दीन मेहर, बाबू खान, मेहबूब खान, संजू खा सहित तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## धौलपुर आगमन पर कैलाश चौधरी का जाट समाज ने किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** कैलाश चौधरी के धौलपुर आगमन पर ग्राम उमरारा में जाट समाज की ओर से भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम गिर्राज सरपंच के निवास पर आयोजित हुआ, जहां बड़ी संख्या में समाज के लोगों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह का आयोजन नरेंद्र सिंह जाट उर्फ पप्पू जाट के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान जाट समाज के लोगों ने कैलाश चौधरी का साफा पहनाकर एवं माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में दामोदर सरपंच, गिर्राज सरपंच, दिलीप सिंह, सुखबीर सिंह राना, नरेंद्र सिंह राना, दीपक सिंह राणा, विशाल राना, कृष्णा सरपंच, रामनिवास सरपंच, अनिल चौधरी, बनवारी डागुर, अमित राजपूत, संतोष राजपूत, गोपाल पहलवान, सतीश जाट, प्रेम सिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर कैलाश चौधरी ने जाट समाज की ओर से दिए गए सम्मान और स्नेह के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं और समाज का प्रेम ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं और समाजजनों में खासा उत्साह देखने को मिला।

## स्थायी वारंटी दो इनामी बदमाश गिरफ्तार, हरियाणा से दबोचे

जयपुर टाइम्स

**सामोद(निस)।** थाना पुलिस ने नकबजनी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए वर्ष 2023 से फरार चल रहे दो इनामी स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों पर एक-एक हजार रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस ने तकनीकी सहायता और मुखबिर तंत्र की मदद से हरियाणा के नूंह मेवात क्षेत्र से दोनों को पकड़ने में सफलता हासिल की। जिला पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के विशेष अभियान के तहत हत्या, लूट, डकैती और अन्य गंभीर मामलों में वांछित अपराधियों की धरपकड़ के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं वृत्ताधिकारी के सुपरविजन में सामोद थाना प्रभारी के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम ने लगातार सूचना संकलन और तकनीकी जांच करते हुए आरोपी अरबाज और मुफीद को गिरफ्तार किया।

# भाजपा किसान मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष कैलाश चौधरी का धौलपुर में भव्य स्वागत

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** कैलाश चौधरी के धौलपुर आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। भाजपा धौलपुर के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष जयवीर पोसवाल के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य अभिनंदन किया। जगदीश होटल में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कैलाश चौधरी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को किसानों व आमजन तक पहुंचाने के लिए किसान मोर्चा पूरे प्रदेश में सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत बनाते हुए सरकार की योजनाओं का




लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर संपर्क अभियान चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश की जनता और हाल ही में पश्चिम बंगाल की जनता की ओर से भारतीय जनता पार्टी पर जताया गया विश्वास भाजपा की जनसेवा, राष्ट्रहित और विकासवादी नीतियों का परिणाम है। उन्होंने कार्यक्रम संयोजक जयवीर पोसवाल की सराहना करते हुए कहा कि संगठन को ऐसे समर्पित और सक्रिय कार्यकर्ताओं की आवश्यकता है।

कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापित करते हुए जयवीर पोसवाल ने कहा कि कैलाश चौधरी हमेशा एक सामान्य कार्यकर्ता की तरह जनता और कार्यकर्ताओं के बीच रहकर संगठन को मजबूती देने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में लंबे समय तक संगठनात्मक स्तर पर किए गए कार्यों का ही परिणाम है कि वहां भाजपा को जनता का व्यापक समर्थन मिला है।

बैठक में राजाखेड़ा विधानसभा की प्रत्याशी नीरजा शर्मा, पूर्व विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा, धौलपुर विधानसभा प्रत्याशी शिवचरण कुशवाहा, पूर्व मंत्री जगमोहन बघेल, पूर्व जिला अध्यक्ष सतेंद्र पाराशर, किसान मोर्चा कार्यालय मंत्री सतेंद्र त्यागी, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कंसाना, भाजपा जिला उपाध्यक्ष धीर सिंह जादौन, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष राम भरोसी जाटव, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष समीर खान, महिला मोर्चा जिला संयोजक कल्पना शर्मा, युवा मोर्चा जिला महामंत्री वेद प्रकाश शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सीवरेज लाइन से बाहर निकल रहा गंदा पानी, बदबू और कीचड़ से परेशान

### आपनाथ नगर के निवासियों ने आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** शहर के रेलवे स्टेशन के नजदीक आपनाथ कॉलोनी के निवासियों ने गुरुवार को नगर परिषद के आयुक्त व जिला कलेक्टर को मिलकर कॉलोनी में लंबे समय से बनी सीवरेज की समस्या के समाधान की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि आपनाथ कॉलोनी में सीवरेज पूरी तरह से ब्लॉक पड़ी है जिससे पानी आगे नहीं जा पा रहा है इस वजह से कॉलोनी में जगह जगह सीवरेज ओवरफ्लो होकर ढक्कन से पानी बाहर निकल रहा है जो सड़क पर बहने के बदबू भी फैला रहा है ऐसे में वहा से गुजरना मुश्किल हो रहा है। कॉलोनी में एक जगह तो घर के बाहर मार्ग पूरी से गंदे पानी से भरा पड़ा है ऐसे में वहा रहना और वहा से गुजरना मुश्किल हो गया है। ज्ञापन में कॉलोनीवासियों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार नगर परिषद में शिकायत की लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। सीवरेज का पानी ढक्कन से बाहर आने से सड़क पर फैल रहा है, ऐसे में वहा से गुजरते समय बदबू आती है। इतना ही नहीं सीवरेज से पानी आगे नहीं जाने से दबाव इतना




बढ़ जाता है कि गंदा पानी जमीन से बाहर निकल कर घर के कनेक्शन से होते हुए घर के बाहर लगे पौधों में से बाहर आ रहा है।ऐसे में रहवासियों में चिंता बनी हुई है कि कई पानी के बनाए टैंक में नहीं आ जाए, ऐसे में कोई ठोस समाधान नहीं हुआ तो काफी परेशानी हो जाएगी। पहले भी कई बार ज्ञापन दिया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई कॉलोनीवासियों के अनुसार सीवरेज की समस्या को लेकर पहले भी कई बार ज्ञापन दिया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई, अपने स्तर से समाधान के प्रयास किए लेकिन अब पानी सिर के ऊपर से जा रहा है। आगे बारिश का समय आ रहा है ऐसे में यह समस्या विकराल रूप ले लेगी तो यहां रहना मुश्किल हो जाएगा। इस दौरान उगमसिंह, खुशालसिंह, कानसिंह, रतनसिंह, महावीरसिंह, करणसिंह, राजेश भटनागर, उदयसिंह समेत कॉलोनीवासी मौजूद रहे।

## शिक्षकों ने राहगीरों को पिलाया शीतल जल और शरबत, 11 वर्षों से जारी है सेवा अभियान

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** भीषण गर्मी और तपती दुपहरी के बीच राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ की ओर से संचालित सार्वजनिक प्याऊ पर गुरुवार को राहगीरों को शीतल जल एवं मीठा शरबत पिलाकर राहत पहुंचाई गई। सामाजिक सरोकारों से जुड़े इस सेवा कार्य में शिक्षकों और समाजसेवियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

इस दौरान शिक्षाविद राजेंद्र कुमार शर्मा एवं सेवानिवृत्त फौजी कैलाश चंद शर्मा ने अपने परिजनों के साथ जल मंदिर पहुंचकर अपनी माताजी स्वर्गीय श्रीमती श्यामा देवी की पांचवीं पुण्यतिथि पर राहगीरों के लिए शीतल शरबत की व्यवस्था करवाई। संघ के पूर्व प्रदेश महामंत्री एवं अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने कहा कि भीषण गर्मी में जल सेवा से बढ़कर कोई दूसरा पुण्य कार्य नहीं है। उन्होंने बताया कि शिक्षक संघ अपनी मांगों के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों में भी अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। पूरे गर्मी के मौसम में नियमित रूप से राहगीरों को ठंडा पानी उपलब्ध कराया जाएगा। सेवानिवृत्त फौजी कैलाश चंद शर्मा ने कहा कि गर्मी के मौसम में आमजन और राहगीरों को ठंडा पानी उपलब्ध कराना मानव सेवा का श्रेष्ठ उदाहरण है। उन्होंने शिक्षक संघ द्वारा पिछले 11 वर्षों




से लगातार सार्वजनिक प्याऊ संचालित किए जाने की सराहना की। शिक्षाविद राजेंद्र प्रसाद शर्मा ने कहा कि 'नर सेवा ही नारायण सेवा' है और शिक्षक संघ वर्षों से समाजहित में प्रेरणादायक कार्य कर रहा है। संघ के जिलाध्यक्ष हरीसिंह गुर्जर एवं जिला मंत्री चंद्रशेखर शर्मा ने बताया कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए संघ की ओर से प्रतिदिन बर्फयुक्त शीतल जल उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही महापुरुषों की जयंती, जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ एवं अन्य विशेष अवसरों पर ठंडाई, शरबत और भोजन वितरण जैसे सेवा कार्य भी किए जाते हैं। इस अवसर पर नंदकिशोर लोधी, अनिल मिश्रा, रजनीकांत शर्मा, दिनेश शर्मा, गिरीश शर्मा, समाजसेवी धर्मेंद्र त्यागी, गजराज राणा, महमूद पेंटर, शुभम शर्मा, तन्मय शर्मा, बालकिशन सहित कई लोग मौजूद रहे।

## जीवन रक्षा अभियान के तहत नेत्र शिविर आयोजित, 85 वाहन चालकों की आंखों की जांच

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिला यातायात पुलिस की ओर से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और वाहन चालकों को जागरूक करने के उद्देश्य से 'जीवन रक्षा अभियान' के तहत नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी और जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में आयोजित हुआ, जिसमें 85 से अधिक वाहन चालकों की आंखों की जांच की गई। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. मनोज गुप्ता ने वाहन चालकों को सुरक्षित ड्राइविंग के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने कहा कि लगातार लंबे समय तक वाहन नहीं चलाना चाहिए तथा अनिद्रा की स्थिति में वाहन चलाना बेहद खतरनाक हो सकता है। उन्होंने वाहन चालकों को पर्याप्त नींद लेने, नियमित रूप से आंखों की जांच करवाने और मोबाइल का सीमित उपयोग करने की सलाह दी। इस अवसर पर परिवहन निरीक्षक दीपक शर्मा ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में जागरूकता के माध्यम से काफी हद तक कमी लाई जा सकती है। यदि वाहन चलाते समय नींद महसूस हो तो चालक को तुरंत सुरक्षित



स्थान पर वाहन खड़ा कर आराम करना चाहिए और पर्याप्त विश्राम के बाद ही यात्रा जारी रखनी चाहिए। यातायात प्रभारी बलविंदर सिंह ने कहा कि राजस्थान सरकार सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है। यातायात पुलिस का उद्देश्य लोगों को यातायात नियमों की जानकारी देकर उन्हें नियमों की पालना के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि 'जीवन रक्षा अभियान' के तहत प्रतिदिन वाहन चालकों के बीच समझाइश अभियान चलाया जा रहा है तथा नियम उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है। शिविर के दौरान वाहन चालकों को सुरक्षित ड्राइविंग, स्वास्थ्य जांच और यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

## झूठे महिला उत्पीड़न और पोक्सो मामलों पर धौलपुर पुलिस सख्त

### फर्जी शिकायतकर्ताओं पर भी होगी कानूनी कार्रवाई

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** महिला प्रताड़ना और पोक्सो मामलों में झूठी शिकायत दर्ज कर निर्दोष लोगों को फंसाने वालों के खिलाफ अब धौलपुर पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में जिले में 'जीरो टॉलरेंस नीति' लागू करते हुए ऐसे मामलों में केवल एफआर लगाकर फाइल बंद नहीं की जाएगी, बल्कि झूठी रिपोर्ट दर्ज कराने वालों के खिलाफ भी न्यायालय में इस्तगासा पेश कर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 1 जनवरी 2026 से 30 अप्रैल 2026 तक जिले में महिला अत्याचार से जुड़े कुल 249 प्रकरण दर्ज हुए, जिनमें से अनुसंधान के दौरान 86 मामले झूठे पाए गए। उन्होंने कहा कि झूठे मुकदमों के कारण पुलिस संसाधनों और समय की भारी बर्बादी होती है तथा निर्दोष व्यक्तियों की सामाजिक प्रतिष्ठा और मानसिक स्थिति पर प्रतिकूल असर पड़ता है। उन्होंने बताया कि राजस्थान पुलिस महानिदेशक के निर्देशानुसार अब द्वेष, दबाव या प्रताड़ित करने की नीयत से झूठी रिपोर्ट दर्ज कराने वालों के खिलाफ भी कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ऐसे मामलों में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया जाएगा। पुलिस के अनुसार महिला



थाना धौलपुर में दर्ज प्रकरण संख्या 03/2025 की जांच के दौरान परिवादिया की ओर से लगाए गए मारपीट, गाली-गलौज और दुष्कर्म के आरोप प्रमाणित नहीं हुए। अनुसंधान में मामला असत्य और झूठा पाए जाने पर पुलिस ने न्यायालय में एफआर पेश की, जिसे स्वीकार कर लिया गया। साथ ही संबंधित फरियादी के खिलाफ झूठा मामला दर्ज कराने पर विधिसम्मत कार्रवाई के लिए इस्तगासा भी पेश किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस वास्तविक पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है और आधुनिक तकनीक एवं निष्पक्ष अनुसंधान के माध्यम से मामलों की जांच की जा रही है। उन्होंने आमजन से अपील की कि किसी भी प्रकार की झूठी, भ्रामक या द्वेषपूर्ण शिकायत दर्ज न कराएं।

उन्होंने कहा कि इस सख्ती का मुख्य उद्देश्य पुलिस संसाधनों का सही उपयोग सुनिश्चित करना है, ताकि वास्तविक पीड़ितों को समय पर न्याय मिल सके और पुलिस गंभीर अपराधों की रोकथाम पर अधिक प्रभावी ढंग से कार्य कर सके।

## तम्बाकू नियंत्रण अभियान: राजस्थान को मिला विश्व स्तरीय सम्मान

जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की ओर से वर्ष 2026 के वर्ल्ड नो टोबेको डे अवॉर्ड के तहत राजस्थान को तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य के लिए दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र में प्रथम सम्मान प्रदान किया गया है। इस उपलब्धि के तहत जालौर जिले में संचालित तम्बाकू नियंत्रण गतिविधियों व जनजागरूकता अभियानों को भी महत्वपूर्ण माना गया है। मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भैराराम जाणी ने बताया कि राज्य सरकार व चिकित्सा विभाग के निर्देशानुसार जिले में तम्बाकू नियंत्रण अभियान के तहत लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान व तम्बाकू उत्पादों के उपयोग को लेकर चालान कार्रवाई की गई तथा कोटपा अधिनियम की पालना सुनिश्चित करवाई जा रही है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की ओर से तम्बाकू नियंत्रण के क्षेत्र में किए गए नवाचार व प्रभावी क्रियान्वयन के कारण राजस्थान को यह अंतरराष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हुआ है, जो चिकित्सा विभाग, जिला प्रशासन व सामाजिक संगठनों के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है। उप मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ वीरेंद्र हमथानी ने बताया कि जिले के विद्यालयों, स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनबाड़ी केंद्रों व विभिन्न सरकारी संस्थानों में तम्बाकू निषेध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यार्थियों व आमजन को तम्बाकू सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों व दुष्प्रभावों की जानकारी देकर तम्बाकू मुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही जिले में तम्बाकू उपयोगकर्ता की सुची बनाकर आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर वैलनेस सेशन में जोड़ा जा रहा है और तम्बाकू परामर्श केन्द्र पर रैफर किया जा रहा है जिससे तम्बाकू का त्याग करने में सहायता मिल रही है। अभियान के दौरान रैलियों, शपथ कार्यक्रमों, पोस्टर प्रतियोगिताओं व जनसंवाद गतिविधियों के माध्यम से व्यापक स्तर पर जनजागरूकता फैलाई गई। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिए भी आमजन तक तम्बाकू निषेध संदेश पहुंचाए गए।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत, पति के दोस्त पर हत्या का आरोप

जयपुर टाइम्स

**धौलपु(निस)।** जिले के मनियां थाना क्षेत्र के दुवाटी गांव में बुधवार सुबह एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर मनियां थाना पुलिस मौके पर पहुंची और महिला के शव को कब्जे में लेकर मनियां अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। बाद में पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस के अनुसार मृतका की पहचान रीना पत्नी हाकिम सिंह जाटव निवासी दुवाटी के रूप में हुई है। मामले में मृतका के पति हाकिम सिंह ने अपने मित्र अजय पुत्र गिरन्दा जाटव निवासी विपरपुर के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया है। परिजनों ने बताया कि मृतका के सोने-चांदी के गहने और कुछ नकदी आरोपी अजय के पास रखे हुए थे। बुधवार को रीना ने अजय को घर बुलाकर सामान लौटाने के लिए कहा था। इसी दौरान दोनों के बीच विवाद हो गया। मृतका के बेटे करन ने बताया कि अजय उसके पिता का मित्र था और घर पर अक्सर आता-जाता रहता था। उसके अनुसार पिता के शराब पीने की आदत के कारण उसकी मां ने अपने गहने और रुपए सुरक्षित रखने के लिए अजय के पास रखवाए थे। बुधवार को मां ने जब सामान वापस मांगा तो अजय घर आया। कुछ देर बाद दोनों के बीच कहासुनी हुई और अजय उसकी मां को कमरे के अंदर ले गया। थोड़ी देर बाद वह घबराकर कमरे से बाहर भागता दिखाई दिया। जब वह अंदर गया तो उसकी मां मृत अवस्था में पड़ी मिली। घटना के बाद गांव में तनाव और शोक का माहौल है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है तथा विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है।

# शिक्षा आपके द्वार अभियान से बच्चों को मिल रही नई राह

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** शिक्षा से वंचित बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने और राजकीय विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने के उद्देश्य से हुनर शक्ति फाउंडेशन की ओर से 'शिक्षा आपके द्वार' अभियान लगातार चलाया जा रहा है। संस्था ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में पहुंचकर बच्चों व अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक कर रही है, जिससे जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा का अधिकार मिल सके। संस्था प्रमुख प्रशांत शर्मा ने बताया कि हुनर शक्ति फाउंडेशन शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में कार्यरत



एक पंजीकृत सामाजिक संस्था है। अभियान के तहत घर-घर जाकर ऐसे बच्चों की पहचान की जा रही है, जो आर्थिक, सामाजिक या पारिवारिक कारणों से स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। संस्था उन्हें पुनः विद्यालय से जोड़ने का प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी कई बच्चे गरीबी, जागरूकता की कमी, बाल श्रम और संसाधनों के अभाव के कारण पढ़ाई से दूर हो जाते हैं। विशेष रूप से बालिकाओं की शिक्षा प्रभावित होती है। ऐसे में संस्था अभिभावकों को शिक्षा का महत्व समझाकर बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित कर रही है। अभियान के तहत शिक्षा जागरूकता रैली, जनसंपर्क अभियान, ग्राम सभाएं और प्रेरणा शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। संस्था के स्वयंसेवक गांवों और ढाणियों में जाकर विद्यालय से बाहर बच्चों को चिन्हित कर उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा में लाने का कार्य कर रहे हैं। संस्था की ओर से आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को कॉपी, किताबें, स्कूल बैग, स्टेशनरी सामग्री, यूनिफॉर्म सहित अन्य शैक्षणिक सामग्री भी वितरित की जा रही है। संस्था का मानना है कि संसाधनों की कमी किसी भी बच्चे की पढ़ाई में बाधा नहीं बननी चाहिए। राजकीय विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने के लिए विशेष प्रवेश अभियान भी चलाया जा रहा है। नए शैक्षणिक सत्र में विद्यालय प्रशासन के सहयोग से घर-घर संपर्क कर बच्चों को स्कूल में प्रवेश दिलाने के प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति बढ़ाने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। संस्था शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों, संस्कार, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने पर भी जोर दे रही है। इसके लिए विभिन्न सांस्कृतिक और प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। हुनर शक्ति फाउंडेशन ने समाजसेवियों, शिक्षकों, युवाओं और दानदाताओं से इस अभियान में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही शिक्षा का प्रकाश समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा सकता है।

# स्थानांतरण पर एडीजे महेंद्र प्रताप भाटी का अभिनंदन, अधिवक्ताओं ने दी भावभीनी विदाई



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(निस)।** स्थानांतरण होने पर एडीजे न्यायाधीश महेंद्र प्रताप भाटी का तालुका विधिक सेवा समिति की ओर से सम्मान व अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ताओं, समिति सदस्यों और पीएलवी कार्यकर्ताओं ने भाटी का माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि एडीजे महेंद्र प्रताप भाटी ने अपने कार्यकाल के दौरान न्यायिक कार्यों का निष्पक्षता, संवेदनशीलता और ईमानदारी के साथ निर्वहन किया। उन्होंने आमजन को त्वरित न्याय दिलाने के साथ विधिक सेवा गतिविधियों को भी प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया। उनके सौम्य व्यवहार और कार्यशैली की सभी ने सराहना की। कार्यक्रम में एडवोकेट रजनीकांत सोनी, राहुल शर्मा, रामप्रसाद शर्मा, बसंती खेतान, समिति सचिव वंदना राठौड़, बनवारीलाल खीचड़, बाबूलाल किलका, पीएलवी मयंक त्रिवेदी, विजयपाल स्योराण सहित कई अधिवक्ता व लोग मौजूद रहे। समारोह के अंत में सभी ने एडीजे भाटी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

# राजीव गांधी को दी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप तोदी की अध्यक्षता में नगर कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पुण्य तिथि पर वक्ताओं ने अपने विचार प्रकट करते हुए राजीव गांधी को आधुनिक भारत का निर्माता बताया। इस अवसर पर रेखाराम, कन्हैयालाल माली, राजकुमार शर्मा, बिलाल भूड्डा, मनोज गुलेरिया, लालचंद बैदी, ओंकाराराम, प्रभु सुरोलिया, मुकुल मिश्रा, सलीम क्याल, रामचंद्र गोदारा आदि मौजूद रहे। सभी ने दो मिनट का मौन भी रखा।

# 12वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग शिविर का शुभारंभ



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के ऑक्सफोर्ड स्कूल के उद्यान में योग शिविर में बड़ी संख्या में योग साधक उत्साहपूर्वक सहभागिता कर रहे हैं तथा नियमित योगाभ्यास के माध्यम से स्वास्थ्य, सकारात्मकता व जागरूकता का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। योग शिविर के सफल आयोजन में ऑक्सफोर्ड स्कूल के संचालक भंवरलाल वर्मा, हिमांशु पूर्वा, डॉ अविनाश पारीक, डॉ प्रभा पारीक, लिछमा राम दहिया, रामेश्वर लाल जोशी, गिरधारी लाल सैनी, सुदेश पूर्वा, रुक्मिणी देवी, कन्नू, प्रिया, राकेश एवं भारती सहित अनेक सदस्य नियमित रूप से योगाभ्यास कर शिविर की गरिमा बढ़ा रहे हैं। इस योग शिविर में पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से प्रशिक्षित योग शिक्षक संत कुमार कौशिक की ओर से विभिन्न योगासनों व भस्त्रिका, भ्रामरी, बाह्य प्राणायाम और षट्कर्म की क्रियाओं का अभ्यास भी करवाया जा रहा है। साथ ही उनके शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से योग शिविर में पहुंचकर योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने व स्वस्थ जीवन का लाभ लेने का आग्रह किया है।

# पीएम आवास योजना पोर्टल की खामियों को दूर करने की मांग

**जयपुर टाइम्स/सुजानगढ़(नि.सं.)।** चूरू जिला कलक्टर को सामाजिक कार्यकर्ता सोहिल गोपालपुरिया ने एक ज्ञापन सौंपकर पीएम आवास योजना के पोर्टल पर चल रही गड़बड़ियों को सही करने व समय पर लाभार्थियों का भुगतान किए जाने की मांग की है। ज्ञापन में गोपालपुरिया ने बताया है कि भारत सरकार व राजस्थान सरकार की ओर से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत भ्रष्टाचार किया जा रहा है। पोर्टल पर जिन आवेदकों को एक किश्त मिली है, उनके दो किश्त अंकित दिखा रहा है व दो वालों को तीन व तीन वालों को चार किश्त अंकित दिखाया जा रहा है। जो कि जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के कारण हो रहा है। आमजन पर इसका विपरीत असर यह पड़ रहा है और पोर्टल सही नहीं होने के कारण आगामी किश्ते डाली नहीं जा पा रही है। जिससे लोगो के मकान बनाने के सपने चूर हो रहे हैं। लोगो को पैसे के अभाव में अपने मकानों का निर्माण कार्य बीच में ही बन्द करना पड़ रहा है। लेकिन कोई जिम्मेदार अधिकारी इस और ध्यान नहीं दे रहा है। जिस कारण आदरणीय प्रधानमंत्री का सपना हर गरीब के पास घर हो अपना.. की योजना को सरकारी कर्मचारी अधिकारियों की ओर से विफल करने का प्रयास किया जा रहा है। अतः ऐसे में जांच करवाई जाकर सभी लाभार्थियों को समय पर भुगतान की व्यवस्था की जाए।

# जिला कलक्टर सन्देश नायक ने की जन सुनवाई, मौके पर समस्याओं का समाधान

## संबंधित अधिकारियों को परिवेदनाओं के समयबद्ध व प्रभावी निस्तारण के दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा अनुसार पारदर्शी व संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं एवं समस्याओं की सुनवाई व त्वरित समाधान के लिए जिला प्रशासन नियमित रूप से कृतसंकल्पित होकर कार्य कर रहा है। जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन जिला कलक्टर सन्देश नायक की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ। इस दौरान जिला कलक्टर ने राजस्व प्रकरणों से जुड़े परिवादों सहित 114 फरियादियों के परिवाद सुने, जिनमें से 10 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। अन्य प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के लिए कलक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर चौमू विधायक डॉ. शिखा मील बराला भी उपस्थित रही।



जिला स्तरीय जनसुनवाई में कुल 114 प्रकरण प्राप्त हुए जिनमें प्रमुख रूप से अतिक्रमण हटवाने, छात्रवृत्ति, एनएफएसए में नाम जुड़वाने, पेंशन शुरू करवाने, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलवाने, पेयजल की सप्लाई सुचारू कराने, पत्थरगढ़ी, कृषि भूमि में आवागमन के लिए रास्ता खुलवाने, सड़क, आवासीय पट्टा, बनवाने नामांतरण जमीन विवाद सहित विभिन्न विषयों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों का जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आमजन के प्रति जवाबदेही के साथ समस्याओं का निस्तारण करते हुए राहत देने के निर्देश दिए। उन्होंने संवेदनशील रहते हुए प्रकरणों का तथ्यों के आधार पर निस्तारण कराने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि कानूनों, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के अभाव में आमजन आहत है। उन्होंने आमजन के हितार्थ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिए हैं। जनसुनवाई में जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) विनीता सिंह, अतिरिक्त जिला कलक्टर (द्वितीय) आशीष कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर (तृतीय) देवयानी सहित चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, विद्युत विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जन स्वास्थ्य व अभियांत्रिकी विभाग, कृषि विभाग, वन विभाग, राजस्व विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# सरसों चने के बाजार में ऊंचे भाव से समर्थन मूल्य केंद्र सूने

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** कृषि उपज मंडी में इस बार समर्थन मूल्य खरीद केंद्रों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। वजह साफ है–खुले बाजार में सरसों और चने के किसानों को समर्थन मूल्य से ज्यादा दाम मिल रहे हैं। ऐसे में किसान सरकारी खरीद केंद्रों से दूरी बनाकर सीधे व्यापारियों और बाजार में अपनी उपज बेचने को प्राथमिकता दे रहे हैं। इसका असर यह है कि मंडी परिसर में जहां पहले किसानों की भीड़ नजर आती थी, वहां अब सन्नाटा दिखाई दे रहा है। राजफेड की ओर से संचालित समर्थन मूल्य खरीद केंद्र पर कर्मचारियों और मजदूरों के पास काम की कमी हो गई है। खरीद केंद्र के कर्मचारी नरेश कुमार पारीक और ठेकेदार रफीक खान ने बताया कि अब तक चने के 881 टोकन जारी किए जा चुके हैं, जिनमें से 537 किसानों ने अपनी फसल की तुलवाई करवाई है। वहीं सरसों के 1335 टोकन जारी किए गए, लेकिन केवल 20 किसानों ने ही समर्थन मूल्य पर सरसों की बिक्री की है। उन्होंने बताया कि पिछले चार-पांच दिनों से चने के बाजार भाव लगातार समर्थन मूल्य से ऊपर चल रहे हैं। ऐसे में किसानों ने सरकारी केंद्रों पर उपज लाना लगभग बंद कर दिया है। सरसों के भाव पहले से ही बाजार में बेहतर मिल रहे थे, जिसके कारण शुरुआत से ही किसान समर्थन मूल्य केंद्र की बजाय खुले बाजार का रुख कर रहे हैं। मंडी परिसर में काम करने वाले पलदारों और



मजदूरों पर भी इसका सीधा असर देखने को मिल रहा है। बाहर से मजदूरी करने आए कई पलदार दिनभर काम का इंतजार करते नजर आए। मजदूरों का कहना है कि जब किसान खरीद केंद्र पर नहीं पहुंचेंगे तो उन्हें रोजगार भी नहीं मिल पाएगा। किसानों का कहना है कि यदि सरकार समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी करे तो किसान दोबारा सरकारी खरीद केंद्रों की ओर रुख कर सकते हैं। किसानों ने बताया कि वर्तमान परिस्थितियों में बाजार में फसल बेचने पर उन्हें अधिक लाभ मिल रहा है, इसलिए वे खुले बाजार को ही प्राथमिकता दे रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि बाजार भाव लंबे समय तक समर्थन मूल्य से ऊपर बने रहे तो सरकारी खरीद व्यवस्था पर इसका व्यापक असर पड़ सकता है। फिलहाल सरदारशहर मंडी में समर्थन मूल्य केंद्रों पर पसरा सन्नाटा किसानों के बदले रुझान की साफ तस्वीर पेश कर रहा है।

# भीषण गर्मी में मरीजों को राहत, विश्व महिला मंडल ने सैटेलाइट अस्पताल को भेंट किया कूलर

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** समस्या समाधान केंद्र की प्रेरणा से विश्व महिला मंडल चूरू की ओर से गढ़ परिसर स्थित सैटेलाइट अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए कूलर भेंट किया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए रोगियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से यह सेवा कार्य किया गया।



महिला मंडल की ओर से कूलर अस्पताल प्रभारी डॉ. ओमप्रकाश धनिया को सौंपा गया। इस अवसर पर डॉ. धनिया ने मंडल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से अस्पताल में आने वाले मरीजों को काफी सुविधा मिलती है। समस्या समाधान केंद्र के अध्यक्ष सत्यनारायण व्यास ने विश्व महिला मंडल के इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में महिला मंडल की अध्यक्ष उषा शर्मा व कोषाध्यक्ष सरला शर्मा ने कहा कि मंडल भविष्य में भी जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाता रहेगा। इस दौरान मंजू पारीक, स्नेहलता शर्मा, अनुसूया शर्मा, अचला शर्मा, सरस्वती लाटा, चंदा बंसिया, सुषमा शर्मा, मंजू शर्मा, सुनीता शर्मा, नीरू शर्मा, सुमन गौतम सहित कई सदस्याएं उपस्थित रहीं। वहीं चिकित्सा कर्मचारी योग्यता चौधरी, डॉ. कोमल शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, समाजसेवी डॉ. सुरेंद्र शर्मा व प्रमोद शर्मा भी मौजूद रहे।

# विधायक कार्यालय में राजीव गांधी को पुष्पांजलि अर्पित कर किया याद

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न राजीव गांधी की 35 वीं पुण्यतिथि गुरुवार को कांग्रेस कार्यालय और विधायक पंडित अनिल भंवरलाल शर्मा के आवास पर श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देकर याद किया। कार्यक्रम में कांग्रेस नगर अध्यक्ष महावीर माली ने कहा कि राजीव गांधी ने देश में सूचना व संचार क्रांति की नींव रखकर भारत को आधुनिक युग की ओर अग्रसर किया। मनफूल खां फौजी ने उन्हें देश की एकता और अखंडता के लिए बलिदान देने वाला दूरदर्शी व सशक्त प्रधानमंत्री बताया। वक्ताओं ने कहा कि 21 मई 1991 को तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में हुए बम विस्फोट में राजीव गांधी का निधन हो गया था। लेकिन देश के विकास में उनके योगदान को हमेशा याद



किया जाएगा। इस अवसर पर फारूक ज्यान मोहम्मद, रिजवान सैयद, लाल बहादुर सेवदा, कन्हैयालाल सोनी, पवन शर्मा, विमल मिमाणी, अशोक कुमार भाट, रामचन्द्र पुरोहित, हरिकृष्ण शर्मा सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित कर अपने विचार व्यक्त कर अपने नेता को याद करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की।

# दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता को घर से निकाला, पति समेत छह पर केस

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** थाना क्षेत्र के गांव खुडेरा बड़ा निवासी एक विवाहिता ने अपने पति एवं ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि उसका विवाह वर्ष 2021 में फतेहपुर निवासी संदीप के साथ हुआ था। विवाह के बाद से ही पति संदीप, सास विमला, ससुर बनवारीलाल, जेठ रणजीत, जेठानी प्रियंका तथा ननद छोटी देवी दहेज की मांग को लेकर उसे मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते रहे। विवाहिता का आरोप है कि उसका पति शराब के नशे में उसके साथ मारपीट करता था तथा उसका स्त्रीधन भी बेच चुका है। साथ ही वह किसी अन्य महिला के साथ सीकर में रह रहा है। पीड़िता ने बताया कि वह अपनी चार वर्षीय बेटी के साथ खेतों में मजदूरी कर जीवनयापन करने को मजबूर है। रिपोर्ट में यह भी आरोप लगाया गया कि उसका जेठ आरएसी में कार्यरत है और पुलिस का रौब दिखाकर कार्रवाई की धमकी देता है। विवाहिता के अनुसार कुछ दिन पहले ससुराल पक्ष के लोगों ने उसके साथ बेरहमी से मारपीट की। इस दौरान ननद ने उसका गला दबाकर जान से मारने की धमकी दी और घर से बाहर निकाल दिया। इसके बाद पीड़िता अपने जीजा के साथ रतनगढ़ थाने पहुंची और न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने पति सहित छह जनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच सब इंस्पेक्टर रतनलाल कर रहे हैं।

# शोभासर पंचायत में लगाए पक्षियों के लिए परिंडे

जयपुर टाइम्स

**सालासर(निस)।** वर्षों से चल रहा पंकज बाघसरा का मिशन पंछी मेरे मित्र के तहत शोभासर पंचायत में पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गए। हमेशा पानी डालने की जिम्मेदारी ली गई ताकि आसमान के बेजुबान पक्षियों को गर्मी से राहत मिल सके। इस मिशन में सरपंच इमरान खान की ओर से 21 परिंडे पंछी मेरे मित्र कमेटी को भेंट किए। नगर मंत्री पंकज बाघसरा, वार्ड पंच श्रवण सिंह, बजरंग मीणा,



खाजू खान मनियार, दीनदयाल महरिया आदि मौजूद रहे।

# बोलेरो की टक्कर से युवक की मौत, माता-पिता को बस में बैठाकर खुद बाइक से निकला था झुंझुनूं

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** झुंझुनूं-सोनासर मार्ग पर गुरुवार दोपहर इशरपुरा के पास तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान सोनासर निवासी मनोज सोनी (24) पुत्र लालचंद सोनी के रूप में हुई है। शव को झुंझुनूं के बीडीके अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। जानकारी के अनुसार मनोज अपने माता-पिता और भाई के साथ किसी काम से झुंझुनूं आ रहा था। एक ही बाइक पर चार लोगों का सफर सुरक्षित नहीं होने के कारण उसने माता-पिता और भाई को बस में बैठा दिया और खुद पीछे से मोटरसाइकिल लेकर रवाना हुआ। दोपहर करीब 12 बजे इशरपुरा के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मनोज ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। उधर, झुंझुनूं पहुंचे परिवार को जब हादसे और मनोज की मौत की सूचना मिली तो माता-पिता व भाई बदहवास हो गए। अस्पताल परिसर में भाई का रो-रोकर



बुरा हाल था। वहां मौजूद लोगों की आंखें भी नम हो गईं। ग्रामीणों ने बताया कि मनोज अविवाहित था और तीन भाइयों में मंझला था। परिवार का गुजर-बसर रंग-पेंट के काम से होता था, जिसमें वह अपने पिता का हाथ बंटाता था। घटना की सूचना मिलते ही सोनासर के पूर्व सरपंच रोहिताश भड़िया, ग्रामीण संजय स्वामी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिजन बीडीके अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है।

# जयपुर के बिचून में बनेगा माटी कला सेंटर ऑफ, एक्सीलेंस माटी कलाकारों को प्रशिक्षण

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की घोषणाओं से प्रदेश में माटी कला को नई पहचान मिली है। राज्य सरकार की ओर से माटी कलाकारों के उत्थान व पारंपरिक कला को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में जयपुर के बिचून औद्योगिक क्षेत्र में माटी कला सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किया जाएगा। श्रीयादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक ने गुरुवार को उद्योग भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिछले दो वर्षों में बोर्ड को पिछले दस वर्षों की तुलना में अधिक बजट प्राप्त हुआ है, जिससे माटी कला क्षेत्र में नई संभावनाएं विकसित हुई हैं। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के माध्यम से माटी कलाकारों को आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा तथा रोजगार के




नए अवसर उपलब्ध होंगे। राज्यभर के माटी कलाकारों व कामगारों के आर्टिजन कार्ड बनाए जाएंगे, जिसके लिए बोर्ड की ओर से विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। टाक ने प्रजापत-कुम्हार समाज की आराध्या व कुलदेवी श्रीयादे माता का पैनोरमा बनाए जाने की घोषणा के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे माटी कलाकार समाज में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। उन्होंने बताया कि राज्य बजट घोषणा वर्ष 2026-27 के तहत 5 हजार विद्युत चालित चाक व मिट्टी गूंथने की मशीनों का वितरण किया जाएगा। इससे उत्पादन क्षमता एवं गुणवत्ता में वृद्धि होगी। इस वर्ष 100 माटी कला प्रशिक्षकों को तैयार करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए कलाकारों को राज्य से बाहर विभिन्न स्थानों पर विशेष प्रशिक्षण दिलवाया जाएगा। गत वर्ष 25 लोगों को उत्तर प्रदेश के खुर्जा में प्रशिक्षण दिलाया गया था। प्रेस वार्ता के पश्चात श्रीयादे माटी कला बोर्ड अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक व उद्योग व वाणिज्य आयुक्त नीलाभ सक्सेना ने उद्योग भवन परिसर में परिण्डे लगाए तथा प्रदेशवासियों से भी गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए परिण्डे लगाने की अपील की।

## माटी कला बोर्ड की प्रमुख उपलब्धियां व कार्ययोजनाः

मुख्यमंत्री की ओर 'माटी राजस्थान री' पुस्तक का विमोचन किया गया है, जिसमें बोर्ड की ओर से दो वर्षों में किए गए कार्यों व योजनाओं का विवरण शामिल है। बोर्ड की ओर से प्रदेश की विभिन्न माटी कला विधाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 45 कलाकारों को 'माटी के लाल' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इसके अतिरिक्त आवा-कजावा पद्धति से कार्य करने वाले माटी कला कामगारों के लिए वर्ष 2016 की गाइडलाइन की पालना सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न विभागों से समन्वय किया जा रहा है। माटी कलाकारों के बच्चों को छात्रवृत्ति व स्कूटी योजना का लाभ दिलाने के लिए राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजा जाएगा। उद्योग भवन में निर्मित होने वाली 'एक जिला-एक उत्पाद' वॉल में माटी कला उत्पादों को भी स्थान दिया जाएगा। साथ ही मिट्टी के बर्तनों के उपयोग व लाभों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए माटी कला मेलों व प्रदर्शनियों का आयोजन एमएसएमई पॉलिसी के माध्यम से किया जाएगा।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।